हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 9 मई 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

A Project By
MATASHRI REALITIES

RERA CHHATTISGARH
PCGRERA060426002078

जहाँ हर प्लॉट बने आपके घर की शुरुआत...

Site Address : Pooja Residency, Before Housing Board Colony, Chilhati, Mopka, Bilaspur (C.G.)

DISTANCE

Railway Station - 8 Km.
Appolo Hospital - 6 Km.
Petrol Pump - 0.4 Km.
RTO Office - 2 Km.
Brilliant School - 6 Km.
DAV Public Schoool - 6Km.

AMENITIES

- BT Road
- Grand Entrance Gate
- Solar Street Light
- Transformer as per CSPDCL Norm
- Garden
- Water Supply each Plot
- Rain water Harvesting

BANK PARTNER

SBI | HDFC BANK | Central Bank of India | kotak Kotak Mahindra Bank | LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD | ICICI Bank

*T&C Apply

Contact For Booking
ANIL KUMAR AGRAWAL : Mo.: 9826528900, 7000175594
SARTHAK AGRAWAL : Mo.: 7999765949, 9009555591
UMAKANT RATHORE : Mo.: 9329960336

Developers:
Mathashri Realities Office No.- 204/206, 2nd Floor, Infinity Buisiness Park, Vyapar Vihar Zone No.-1, Taramandal Road, Bilaspur (C.G.) 495001

Web : www.poojaresidency.co.in
Email : abrointrade@gmail.com

खबर संक्षेप

एक शाम मनीष दत्त के गीतों के नाम कार्यक्रम कल

बिलासपुर। महान रंग कर्मी काव्य भारती के संस्थापक मनीष दत्त की 86 वीं जन्म जयंती पर उनके संजोए गीतों की एक सुखमयी और आत्मीय शाम की प्रस्तुति मनीष दत्त द्वारा संगीत बद्ध गीतों का मधुर आयोजन एवं दादा से जुड़े अपने लोंगों के साथ उनसे जुड़ी यादें, अनुभव और स्मृतियां काव्य भारती परिवार द्वारा आयोजित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बाजपेयी पूर्व विधायक ने बताया कि दादा की 86 वीं जयंती आयोजन में काव्यभारती के कलाकारों द्वारा उनके संजोए गीतों की सुरमधुर भव्य प्रस्तुति स्थानीय प्रार्थना सभा भवन में 10 मई दिन रविवार को शाम 6 बजे स्मरण भावांजलि एवं एक घंटे संजोय गीतों की प्रस्तुति उनके शिष्यों द्वारा आयोजित होगा। संस्था के महासचिव डॉ.विजय सिन्हा, संस्था के वरिष्ठ साथी डॉ.सुप्रिया भारतीयन, डॉ.रत्ना मिश्रा, सविता कुशवाहा, डॉ.किरण बाजपेयी, डॉ.अजय पाठक, राजीव बाटवे, चन्द्रशेखर बाजपेयी, प्रो.भारती भट्टाचार्य, गौरव गुलहरे, डॉ.निवेदिता सरकार, अजिता मिश्रा, शिशिर पागे, रीनापाल, अखिलेश बाजपेयी आदि दादा के गीतों की याद में एक शाम के आयोजन की तैयारी में लगे हैं।

अनसंग एवरीडे हीरोज अवॉर्ड्स का आयोजन 11 को

बिलासपुर। आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा 11 मई की शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक लखीराम ऑडिटोरियम में अनसंग एवरीडे हीरोज अवॉर्ड्स का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उन प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को समर्पित है, जिन्होंने समाज में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट योगदान देकर दूसरों के लिए मिसाल कायम की है। विशेष बात यह है कि आयोजन के दिन पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का 70 वां जन्मदिन एवं आर्ट ऑफ लिविंग की 45वीं वर्षगांठ है। इस अवसर को सेवा, प्रेरणा और सम्मान के उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह के लिए शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से 200 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। चयन प्रक्रिया के पश्चात तीन प्रमुख श्रेणियों बिजनेस एवं फिलैंथ्रॉपी, स्पोर्ट्स एक्सीलेंस, यूथ लीडरशिप में एक-एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व को अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य उन लोगों को मंच देना है, जो बिना किसी प्रसिद्धि या पहचान की अपेक्षा के समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। आयोजन को लेकर शहर में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर प्रसिद्ध आर्ट ऑफ लिविंग गायक प्रवीण मेहता अपनी मधुर आवाज़ से शाम को और भी यादगार बनाएंगे। आयोजकों के अनुसार यह पहल समाज के उन वास्तविक नायकों को सम्मान देने का प्रयास है, जिनकी कहानियाँ लोगों को प्रेरित करती हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर निकली जनजागरूकता रैली

बिलासपुर। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम सिम्स चिकित्सालय में रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ.बीएल गोयल ने सर हेनरी डूनॉट के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। सिम्स परिसर से गोल बाजार तेलीपारा होते हुए जिला चिकित्सालय तक जन जागरण रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में लोगों से उत्साह के साथ भाग लिया। इसके पश्चात जिला चिकित्सालय में एसएनसीयू, एचडीयू, चिल्ड्रन वार्ड, महिला वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। स्थानीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच, सर्वाइकल कैंसर की जांच, बीपी, शुगर सहित अन्य बीमारियों का परीक्षण कर उचित सलाह दी गई। कार्यक्रम में चेयरमेन प्रबंध समिति डॉ.बीएल गोयल, नोडल अधिकारी डॉ.एमए जीवानी, जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना, प्रभारी रेडक्रॉस आदित्य पांडे सहित लक्ष्मी नारायण मिश्रा, सुशील राजपूत, डॉ विद्याभूषण, रमेश सिंह, गीतेश्वरी चन्द्रा, नौरिश, अंजू राजपूत, नेहा, अंजलि आदि उपस्थित रहे।

बोदरी नपा के सुशासन तिहार शिविर में 362 आवेदनों पर सुनवाई

बिलासपुर। बोदरी नगरपालिका में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर आमजन की समस्याओं एवं मांगों के निराकरण के लिए विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों ने अपनी समस्याएं और मांगें दर्ज कराई। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 362 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 355 आवेदन मांगों तथा 7 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे। शिकायतों से जुड़े 6 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर आमजनों को त्वरित राहत प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के विधायक धरमलाल कौशिक एवं क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी उपस्थित रहे। उन्होंने हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के अंतर्गत 2 हितग्राहियों को 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि वितरित की गई। साथ ही 3 हितग्राहियों का श्रमिक पंजीयन किया गया तथा 4 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। श्री कौशिक ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाएं तेजी से आमजन तक पहुंच रही हैं, जिससे लोगों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से हो रहा है। सुशासन तिहार के अवसर पर विधायक द्वारा उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई और स्वच्छ एवं स्वस्थ नगर निर्माण में जनसहभागिता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम बिल्हा सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी, तहसीलदार संदीप साय सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

वर्षों पुरानी मांग होगी पूरी | **लोक निर्माण विभाग की ओर से जारी किया गया कार्यादेश**

32 करोड़ 34 लाख में बनेगी अचानकमार टाइगर रिजर्व की जर्जर सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा से शिवतराई होकर अचानकमार टाइगर रिजर्व से केंवची तक 57 किलोमीटर का रास्ता काफी खराब हो चुका है, जिसकी स्थिति सुधारने के लिए डिप्टी सीएम अरूण साव के प्रयास से 32 करोड़ 34 लाख 9 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस रास्ते के सुधारने से वर्षों से निवासरत बैगा आदिवासियों की मांग पूरी होगी।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच से गुजरने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। डामरीकरण तो दूर 10 साल से इसकी मरम्मत तक नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में राहगीर यहां से गुजरने में भी डरते हैं। संवेदनशील व संरक्षित क्षेत्र होने के कारण टाइगर रिजर्व प्रबंधन मरम्मत की अनुमति देने से अनाकानी करता है। प्रबंधन तो इसमें राहगीरों के प्रवेश पर ही प्रतिबंध लगाना चाहता है। लोगों की सुविधा से जुडी सड़क होने के कारण इस पर आज तक प्रतिबंध नहीं लग सका,

लिहाजा इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अचानकमार का जंगल जैव विविधता एवं वनस्पति से परिपूर्ण है,यहाँ पर सभी प्रकार के जीव जंतु एवं जंगली जानवरों का महत्वपूर्ण निवास स्थान है। पहले अचानकमार सेंचुरी हुआ करती थी। उस समय ज्यादा सख्त नियम नहीं थे। इसलिए लोक निर्माण विभाग आसानी से सड़कों की मरम्मत कर लेता था, लेकिन जब टाइगर रिजर्व घोषित हुआ है, यहां मरम्मत कराना भी लोक निर्माण विभाग के लिए कठिन हो गया है। विभाग ने कई बार अनुमति लेने का प्रयास किया।

प्रस्ताव भी भेजा गया, लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। यही वजह है कि सड़कों की मरम्मत नहीं हो सकी। धीरे-धीरे सड़कों की हालत जर्जर होती गई। वर्तमान में स्थिति यह है की सड़क में केवल गड्ढे ही गड्ढे. हैं। यहां से निकलना भी काफी मुश्किल हो जाता है। कोटा-अचानकमार केंवची मार्ग के किलोमीटर 34, 36, 39, 40 से 56, 57 से 98 57.60 में मजबूतीकरण एवं नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा। निविदा के बाद कार्यादेश जारी किया गया है। यह सड़क लोरमी विधानसभा के 19 ग्राम के आलवा मध्यप्रदेश के अमरकंटक को सीधा जोड़ती है। इससे टाइगर रिजर्व के सैलानियों के लिए मार्ग भी सुगम होगा।

शिवतराई से केंवची तक जर्जर

अचानकमार टाइगर रिजर्व अंतर्गत शिवतराई से लेकर केंवची तक है। कोर जोन अतिसंवेदनशील क्षेत्र के कारण इतने हिस्से में मरम्मत नहीं हो सकी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन का मानना है कि सड़क बनने के बाद गाड़ियों का दबाव बढ़ेगी। इसके अलावा गति भी तेज होगी। इससे वन्य प्राणियों को खतरा है। इस क्षेत्र में वन्य प्राणियों का मूमेंट रहता है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन के मुताबिक अचानकमार टाइगर रिजर्व की सड़क से प्रतिदिन गाड़ियां गुजरती हैं। इसमें कार और बाइक हैं। ये गाड़ियां अमरकंटक के अलावा गौरेला, पेंड्रा व मरवाही की ओर जाती है।

सड़क बनने में लगेगा समय

एटीआर प्रबंधन के अनुसार कोर जोन को छोड़कर बफर जोन की सड़क के लिए लोक निर्माण विभाग ने कई बार प्रस्ताव मांगा था, लेकिन टाइगर रिजर्व की कमान सेन्ट्रल के पास होती है। इसके कारण उनके प्रस्ताव को एनटीसीए के पास भेजा गया, जहां से केवल मरम्मत कार्य करने की अनुमति मिली थी। इस बार प्रदेश सरकार ने सड़क के लिए राशि स्वीकृत कर दी है। इस राशि के मिलने के बाद उसे बनाने में अभी काफी समय लग सकता है।

गर्मी में यात्रियों की भीड़ कम करने चलाई जा रही ट्रेन

22 घंटे लेट चल रही रक्सौल स्पेशल हमसफर की चाल भी बैलगाड़ी जैसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी की छुट्टियों में भीड़ को कम करने और यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए स्पेशल ट्रेन रक्सौल सुपरफास्ट का परिचालन किया जा रहा है, लेकिन यह ट्रेन कभी भी समय पर नहीं पहुंच पा रही है। इस ट्रेन के 22 घंटे से अधिक विलंब से चलने के कारण यात्री भी परेशान होने लगे हैं। यही हाल हमसफर एक्सप्रेस का हो गया है, जिसकी पटरी पर चलने की रफ्तार भी बैलगाड़ी जैसी हो गई है।

गर्मी की छुट्टियों में एक बार फिर समर वेकेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों की भीड़ ट्रेनों में शुरु हो चुकी है। हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों के अलावा बिलासपुर से नई दिल्ली, हरिद्वार, पुरी, उसलापुर से प्रयागराज, उत्तर भारत, पुणे और अन्य मेट्रो स्टेशन की ओर आने-जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल कोच के साथ स्लीपर और एसी कोच भी यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण फुल चल रहे हैं। यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरु किया है, ताकि उनका सफर आरामदायक हो सके। समर स्पेशल ट्रेनों के लिए टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया, लेकिन पूर्व में कोई भी समर स्पेशल ट्रेन समय पर स्टेशन के प्लेटफार्म तक नहीं पहुंच सकी। वर्तमान में ज्यादातर समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने के बाद बंद भी कर दिया गया है, जिसकी रैक को दूसरे समर स्पेशल में उपयोग किया जा रहा है। प्रतिदिन बिलासपुर स्टेशन में आने-जाने वाली हावड़ा-मुम्बई की एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों की चाल तो काफी हद तक बिगड़ी हुई है। अब समर स्पेशल के नाम से चलने वाली ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को भी अपने संबंधित स्टेशन तक पहुंचने में पूरे एक दिन अतिरिक्त समय लग रहा है। इसी तरह का हाल रक्सौल से बिलासपुर होकर तिरूपति के बीच चलने वाली 07052 समर स्पेशल का हो गया है। इस ट्रेन के धनबाद स्टेशन से रवाना होने का समय शाम 4 बजकर 15 मिनट का रहता है, जिसे रवाना होने में पूरे 20 घंटे अतिरिक्त समय लग गया। शाम 4.15 बजे के स्थान पर ट्रेन को दूसरे दिन 11.30 बजे रवाना किया गया। 8 मई शुक्रवार को ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने का समय सुबह 4 बजकर 40 मिनट का था, लेकिन यह ट्रेन ने पूरे 23 घंटे से अधिक यानि देर रात 2 बजे के बाद बिलासपुर स्टेशन तक पहुंचने में समय लगा दिया।

ये ट्रेन भी चल रही लेट

इसी तरह शुक्रवार को बिलासपुर आने वाली ट्रेनों में 18478 योगनगरी रिषीकेश से पुरी 9 बजे के स्थान पर दोपहर 12 बजे के बाद 3 घंटे से अधिक, 20827 जबलपुर-संतरागाछी सुबह 3.45 बजे के स्थान पर 12.30 बजे के बाद 8 घंटे से अधिक, 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस सुबह 7.05 बजे के स्थान पर 11.54 बजे 5 घंटे से अधिक, 01002 संतरागाछी-मुम्बई एलटीटी सुबह 3.50 बजे के स्थान पर दोपहर 3 बजे के बाद 12 घंटे, 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस सुबह 9.50 बजे के स्थान पर 4 बजे के बाद, 07052 रक्सौल-तिरुपति स्पेशल 4.40 बजे सुबह दूसरे दिन सुबह 3 बजे के बाद स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंची।

भूखे-प्यासे हो रहा सफर

रेलवे ने लंबी दूरी तक चलने वाली ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के खान-पान की सुविधा देने अतिरिक्त पेंट्रीकार कोच भी लगाकर रखा हुआ है, लेकिन समर स्पेशल ट्रेन में इस तरह की कोई सुविधाएं यात्रियों के लिए नहीं है। रेल प्रशासन किसी भी यात्री ट्रेनों के समयबद्धता में कोई भी सुधार कार्य नहीं कर पा रही है, जिसका भुगतान यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। ट्रेनों की लेट लतीफी का सबसे बड़ा कारण मालगाड़ियों को ग्रीन सिग्नल देना है, जिसकी वजह से यात्री ट्रेनें ऐसे स्टेशनों और आउटर पर खड़ी कर दी जाती है जहां खाने-पीने की कोई सुविधा नहीं होती है। इसके कारण यात्रियों को मजबूरी में भूखे-प्यासे सफर करना पड़ रहा है।

नारायणा स्कूल को फिर मौका 13 के बाद होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के नारायणा ई-टेक्नो स्कूल पर गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के कई आरोप लगे हैं। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, स्कूल प्रबंधन ने राज्य के शिक्षा नियमों की अवहेलना करते हुए संचालन किया और अभिभावकों व शिक्षकों के शोषण का आरोप है।

- **शिक्षा विभाग कर रहा मामले की जांच**

स्कूल पर आरोप है कि बिना फीस फिक्सेशन कमेटी की अनुशंसा के 8 प्रतिशत फीस वृद्धि की गई। साथ ही, प्रदेश में संचालित शाखाओं का कोई स्थानीय बैंक खाता नहीं है और अभिभावकों से ली गई फीस सीधे मुंबई या नेल्लोर स्थित नारायणा एजुकेशन सोसाइटी के खातों में क्यूआर कोड के माध्यम से जमा कराई जा रही है। यह वित्तीय पारदर्शिता और स्थानीय नियामक नियंत्रण का उल्लंघन माना जा रहा है। मामले में शिक्षा विभाग जांच कर रहा है लेकिन जांच टीम के सामने स्कूल प्रबंधन की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। जेडी आरपी आदित्य ने मामले में कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

ध्यान रहे कि नेहरू नगर स्थित नारायणा ई-टेक्नो स्कूल पर गंभीर वित्तीय शिक्षकों को प्रति छात्र 2000 रुपए एडमिशन कमीशन देने का प्रलोभन देने, यूनिफार्म और किताबें महंगे दाम पर उपलब्ध कराने और रायपुर ब्रांच के 250 छात्रों का रजिस्ट्रेशन बिलासपुर से कराने जैसी 16 गंभीर अनियमितताओं के आरोप स्कूल पर लगे हैं। नियम के अनुसार स्कूल को नॉन-प्रॉफिट संस्था के रूप में संचालित होना चाहिए, लेकिन नारायणा एजुकेशन की शाखाएं व्यवसायिक संस्था एनस्पिरा से जुड़ी हैं। एनस्पिरा यूनिफार्म और किताबें बनाकर स्कूलों को देती है और उन्हें अभिभावकों को ऊंची कीमत पर बेचना पड़ता है।

सीबीएसई की मान्यता के नाम पर मोटी फीस वसूली

आरोप यह भी है कि स्कूल ने सीबीएसई से मान्यता होने का भ्रम देकर मोटी फीस वसूली, जबकि सीनियर सेकंडरी लेवल की मान्यता सीबीएसई ने 1 मार्च 2026 से 31 मार्च 2031 तक के लिए उन्हें एडमिशन लेने के बाद प्रदान की है। साथ ही बिना फीस फिक्सेशन कमेटी की अनुमति के किसी भी तरह की फीस बढ़ोतरी गंभीर मामला है। इसके साथ ही स्कूल में सामने आने वाली अन्य अनियमितताओं की भी पूरी जांच की जानी है। यदि जांच में कमी पाई जाती है तो स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे जांच की बात कहते हैं लेकिन दूसरी ओर खुली छूट भी दी जा र ही है। इधर स्कूल प्रबंधन का कहना है कि फीस फिक्सेशन कमेटी के लिए शिक्षा विभाग को पहले पत्र लिखा गया था, लेकिन उसका जवाब नहीं मिला। इसके बाद एक रिमाइंडर भी भेजा गया। स्कूल पर लगाए जा रहे आरोप गलत हैं और संस्था सरकार के सभी तय नियमों के अनुसार स्कूल का संचालन कर रही है।

की जा रही है जांच

शिकायत के बाद इस मामले में 16 बिंदूओं पर जांच की जा रही है। नारायणा स्कूल प्रबंधन को भी बुलाया गया था लेकिन वे नहीं पहुंचे हैं।13 मई को फिर से जांच टीम के सामने दस्तावेजों सहित उपस्थित होने कहा गया है। ऐसा नहीं होने पर एकतरफा कार्रवाई होगी।

- आरपी आदित्य, ज्वाइंट डायरेक्टर, शिक्षा विभाग

---

48 घंटे में हॉस्टल खाली करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्रों को 48 घंटे के भीतर हॉस्टल के कमरे खाली करने का निर्देश दिए गए हैं। इससे दूर-दराज क्षेत्रों से आए स्टूडेंट्स के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। स्टूडेंट्स का कहना है कि पिछले वर्ष विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सामान रखने के लिए कॉमन रूप उपलब्ध कराया गया था, लेकिन इस वर्ष ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

विवि प्रबंधन द्वारा छात्रावास में रहने वाले छात्रों को सूचित किया जाता है कि वे परीक्षा समाप्त होने के 48 घंटे के अंदर छात्र छात्रावास छोड़ दें। छात्रों के अनुसार चीफ वार्डन और असिस्टेंड वार्डन की सहमति से जारी पत्र में छात्रों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वे अपना सामान अपने साथ लेकर जाएं। ऐसे में वे छात्र सबसे अधिक परेशान हैं, जिनका घर दूसरे जिलों या राज्यों में है और जिनके पास शहर में रहने या सामान रखने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है।

- **बढ़ी स्टूडेंट्स की चिंता**

कई छात्रों ने बताया कि यदि उनके मित्र भी केवल हॉस्टल में रहने वाले हों और बाहर कोई परिचित न हो तो वे अपना सामान आखिर कहां रखें? परीक्षा के तुरंत बाद घर जाना हर स्टूड़ेट के लिए संभव नहीं होता, क्योंकि कई छात्रों को एकाएक ट्रेन में रिजर्वेशन नहीं मिलता है। कुछ स्टूड़ेट को प्रतियोगी परीक्षाओं और अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए भी शहर में रूकना पड़ता है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन को कम से कम अस्थाई रूप से कॉमन रूम या स्टोर रूम की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि छात्रों को अनावश्यक परेशानी का सामना ना करना पड़े। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस मामले में अबतक कोई अधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। स्टूडेंट्स ने प्रशासन से मांग की है कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सामान रखने के लिए सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध कराएं।

नारकोटिक दवाओं को लेकर दवा व्यवसायियों को हिदायत

बिलासपुर। धड़ल्ले से बेचे जा रहे एंटीबायोटिक व नारकोटिक दवाओं को लेकर ड्रग विभाग अब सचेत हो चुका है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के सहायक औषधि नियंत्रक के नेतृत्व में औषधि निरीक्षकों की दो टीमों ने एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस एवं नारकोटिक दवाओं के दुरुपयोग एवं दुष्प्रभाव के लिए कार्यशाला आयोजित की। इस दौरान निरीक्षण टीम द्वारा तेलीपारा स्थित मेडिकल कॉम्प्लेक्स के थोक व्यापारियों व तिफरा क्षेत्र के रिटेल औषधि व्यापारी को जानकारी दी। सहायक औषधि नियंत्रक भीष्म देव सिंह ने कहा कि नारकोटिक औषधियों के दुरुपयोग रोकने हेतु थोक एवं खुदरा औषधि व्यवसायियों को क्रय - विक्रय नियमों को सख्त रखना होगा। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस को रोकने के लिए यह जरूरी है कि पंजीकृत डाक्टर के साइन के बाद ही एंटीबायोटिक औषधियों का विक्रय किया जाए। किसी के द्वारा अवैध रूप से मांगे जाने पर नारकोटिक औषधियों को उपलब्ध न कराया जाए, ताकि लोगों के द्वारा किए जा रहे द्रुप्रयोग को रोका जा सके।

24 लीटर शराब के साथ एक आरोपी पकड़ा गया

बिलासपुर। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से 24 लीटर कच्ची शराब के साथ ही 1 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सीपत पुलिस को सुचना मिली थी कि पंधी चारपारा में एक व्यक्ति के द्वारा अवैध शराब बेची जा रही है मौके पर पुलिस रवाना हुई और रेड की कार्रवाई कते हुए आरोपी ऋषि सूर्यवंशी पिता राधेश्याम सूर्यवंशी उम्र 40 साल को 24 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी को जेल भेज दिया है।

अग्रेषित करने के बाद यूनिवर्सिटी को भेजें शिकायत, लगातार यूनिवर्सिटी पहुंच रही छात्रों की भीड़

आए दिन घेराव से परेशान विवि ने प्राचार्यों से कहा कालेजों में ही लें छात्रों की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी में आए दिन घेराव से परेशान यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कालेजों के प्राचार्यों को यह निर्देशित किया है कि वे छात्रों की शिकायत अपने कालेजों में ही और उसके बाद उसे अग्रेषित करके यूनिवर्सिटी भेजें, क्योंकि परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर लगातार छात्रों की भीड़ यूनिवर्सिटी घेराव करने पहुंच रही है।

अटल यूनिवर्सिटी में लगातार आए दिन अलग-अलग छात्र संगठनों या कालेजों के छात्रों द्वारा घेराव किया जा रहा है। कभी यूनिवर्सिटी के नए भवन में छात्रों की भीड़ पहुंच रही है तो कभी शहर स्थित परीक्षा विभाग में छात्र पहुंचकर घेराव कर देते हैं। यूनिवर्सिटी के लगातार घेराव से यूनिवर्सिटी के अधिकारी भी परेशान हो उठे हैं, इसलिए यूनिवर्सिटी ने अपने से संबद्धता प्राप्त गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेजों के प्राचार्यों को यह निर्देशित किया है कि छात्रों की शिकायती आवेदन कालेजों में ही स्वीकार किए जाए और उसके बाद यूनिवर्सिटी को भेजा जाए। हांलाकि यूनिवर्सिटी के इस निर्देश को छात्र संगठन मानते नहीं और वे अपनी समस्याएं आदि लेकर सीधे यूनिवर्सिटी पहुंचकर कुलपति या रजिस्ट्रार से मिलना चाहते हैं ताकि उनकी समस्याओं का निराकरण जल्दी हो सकें।

ज्यादतर खराब रिजल्ट मामले में आते हैं छात्र

परीक्षा समाप्त होने के बाद जैसे ही रिजल्ट घोषित होता है तो कई बार ऐसे मामले सामने आते हैं जिनमें परीक्षा में शामिल होने के बाद भी छात्र-छात्राओं को रिजल्ट में अनुपस्थित एबीएस दर्शा दिया जाता है। ऐसे छात्र आवेदन लेकर यूनिवर्सिटी का चक्कर काटते रहते हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा उन छात्रों को कालेज भेजा जाता है फिर कालेज से जानकारी मंगाई जाती है। इस सब में छात्रों को अनावश्यक परेशानी होती है और यूनिवर्सिटी का भी समय खराब होता है। इसी तरह परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर भी छात्र यूनिवर्सिटी आते हैं कि उनका रिजल्ट खराब आया है जबकि उनका पेपर अच्छा गया था, उन्हें अपेक्षाकृत कम अंक मिले हैं। कई बार सामूहिक रूप से किसी कालेज या विषय के छात्रों का खराब रिजल्ट का मामला आता है।

पहले भी कालेजों को जारी हुआ था पत्र

यूनिवर्सिटी परीक्षा में अनुपस्थित एबीएस दर्शाए जाने के मामले में पहले भी कालेजों को पत्र जारी कर चुकी है। कालेजों के परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम, अंकसूची में परीक्षार्थियों के उपस्थिति के बावजूद अनुपस्थित एबीएस अंकित होता है तो ऐसे विद्यार्थियों के संबंध में अटल यूनिवर्सिटी ने सभी कालेजों के प्राचार्यों को पहले ही निर्देश दिया गया है। ऐसे विद्यार्थी जो परीक्षा के किसी प्रश्न पत्र में उपस्थित था, किन्तु उसके परीक्षा परिणाम अंकसूची में अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित अंकित हो गया है वह अपनी उपस्थिति के संबंध में अपना अभ्यावेदन कालेज के प्राचार्य, केन्द्राध्यक्ष को देंगे और प्राचार्य या केन्द्राध्यक्ष उनके आवेदन का परीक्षण कराएंगे, उसके बाद उनके आवेदन के साथ उपस्थिति पत्रक अग्रेषित कर यूनिवर्सिटी को भेजना होगा।

दिया गया है निर्देश

कालेजों को यूनिवर्सिटी की ओर से इससे पहले भी निर्देशित किया गया था कि छात्रों की शिकायती आवेदन प्राचार्यों के पास दें, उसके बाद कालेज से यूनिवर्सिटी को भेजा जाए। छात्र सीधे यूनिवर्सिटी आ जाते हैं।

-रामेश्वर राठौर, परीक्षा नियंत्रक, एयू

ओटोपी देते ही 60 हजार पार, शिकायत दर्ज

बिलासपुर। क्रेडिट कार्ड में लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर ठगों ने 60 हजार रूपए की ठगी को अंजाम दिया है। 20 दिनों के बाद अधेड़ ने सिविल लाइन थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले में विवेचना शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार संस्कृति विहार मगरपारा निवासी राजेश उके पिता देवदास उके के मोबाइल नंबर पर अज्ञात कॉलर ने दिनांक 11 अप्रैल को फोन पर जानकारी देते हुए उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट खत्म होने की बात कही। कॉलर ने बताया कि फोन पर ही उनकी क्रेडिट लिमिट बढ़ाई जा सकती है। इसके बार राजेश उके ने फोन पर आए ओटीपी को शेयर कर दिया है। इसके बाद उनके खाते से 60 हजार रूपए की ठगी को अंजाम दिया गया। घटना के 20 दिन बीत जाने के बाद प्रार्थी ने थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ विवेचना शुरू कर दी है।

खतरा मोल लेकर माल ढोने वाले वाहन पर सवार लोग।

खबर संक्षेप

एयू ने जारी किया पीजी परीक्षा परिणाम

बिलासपुर। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा 2026 की परीक्षाओं के परिणाम जारी किए गए हैं। इसमें एम प्रिवीयस इंग्लिश, एमए फायनल इंग्लिश, एम प्रिवीयस हिन्दी, एमए फायनल हिन्दी, एमए प्रिवीयस पोलटिकल साइंस, एमए फायनल पोलटिकल साइंस, एमए प्रिवीयस सोशोलाजी, एमए फायनल सोशोलाजी, एमकॉम प्रिवीयस एवं एमए फायनल हिस्ट्री ओल्ड कोर्स के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं।

बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी आज

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व रेलवे से प्राप्त सूचना के अनुसार टाटानगर स्टेशन में रेक के प्राथमिक परीक्षण हेतु स्लॉट उपलब्ध न होने के कारण गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर–बिलासपुर एक्सप्रेस को शुक्रवार 8 मई को रद्द किया गया है। इसी क्रम में, रेक की अनुपलब्धता के कारण गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर–टाटानगर एक्सप्रेस भी 9 मई शनिवार को रद्द रहेगी।

संविदा भर्ती की पात्रता सूची जारी, दावा आपत्ति 12 तक

बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों नर्सिंग ऑफिसर-एनएचएम, नर्सिंग ऑफिसर-यूएएम, डेंटल असिस्टेंट-एनयूएचएम, अटेंडेंट-एनआरसी, क्लास 4-यूएएम, जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट-पीडीए एवं ब्लॉक डाटा मैनेजर-एनएचएम की पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति निर्धारित प्रपत्र में 12 मई को शाम 5 बजे तक कार्यालय के आवक-जावक शाखा में जमा कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सूची एवं दावा-आपत्ति का प्रारूप जिला बिलासपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।

रेलवे ने 2147 से वसूले 14 लाख 53 हजार

बिलासपुर। एसईसीआर बिलासपुर रेल मंडल ने 7 मई को टिकट चेकिंग से अब तक की सर्वाधिक आय अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे पूर्व 3 मई को बनाया गया रिकॉर्ड भी पार कर लिया गया। 7 मई को बिलासपुर मंडल द्वारा चलाए गए सघन टिकट जांच अभियान के दौरान कुल 2147 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे कुल 14,53,645 रुपए की आय प्राप्त हुई। इसमें बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, बिना बुक सामान एवं अन्य रेलवे अधिनियम से संबंधित मामलों पर कार्रवाई की गई। बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के विरुद्ध सभी प्रमुख स्टेशनों, ट्रेनों तथा टिकट जांच लॉबी आधारित टीमों द्वारा अभियान चलाया गया।

खनिज न्यास से नहीं मिले साढ़े तीन करोड़, पांच जगहों पर वेंडिंग जोन चार स्थानों पर नानवेज मार्केट बनाने की योजना हो गई बंद

- जगहों का चिन्हांकन करने के बाद भी काम नहीं हो सका शुरू
- अब दूसरे मद से राशि स्वीकृत कराते हुए योजना आगे बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

शहर में पांच जगहों पर वेंडिंग जोन बनाए जाने के साथ ही 4 जगहों पर नानवेज मार्केट भी बनाया जाना था। इसके लिए साढ़े तीन करोड़ रुपए की राशि जिला खनिज न्यास से मांगी गई थी। इसकी स्वीकृति लेकिन नहीं मिल सकी और योजना बंद कर दी गई है। अब निगम किसी दूसरे मद से राशि स्वीकृत कराने की बात कह रहा है। निगम के मुताबिक जगहों का चिन्हांकन कर लिया गया है और जल्द ही काम शुरू होगा। निगम ने तय किया है कि वेंडिंग जोन व्यापार विहार में, लिंगियाडीह में अपोलो हास्पिटल के पास मानस लाज के बगल में, उसलापुर में पौनी पसारी योजना के बगल में, चंद्रिका होटल के पीछे और चांटीडीह सब्जी बाजार के पास बनाया जाएगा। इसके साथ ही नानवेज मार्केट मोपका, सकरी, शनिचरी और व्यापार विहार में बनाए जाएंगे।

दरअसल जिला खनिज न्यास (डीएफएफ) के नियमों में संशोधन किया गया है। अब यह राशि केवल खनन प्रभावित (15 किमी दायरे) क्षेत्रों और परियोजनाओं के लिए प्राथमिकता से उपयोग की जाएगी। इसलिए वेंडिंग जोन जो कि शहर के विभिन्न जगहों में बनना था उसके लिए राशि स्वीकृत नहीं हो सकी। अधिकारियों के मुताबिक इस निधि का 70% भाग शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और कौशल विकास जैसे उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों पर व्यय किया जाना है। कलेक्टर की अध्यक्षता में शासी परिषद की बैठक में विकास कार्यों के लिए इस पर स्वीकृति दी जानी है।

200 से अधिक कियोस्क लगाए जाएंगे

इधर निगम के मुताबिक वेंडिंग जोन के बनने से ठेले वालों को काफी लाभ होगा। उन्हें स्थाई दुकान मिल जाएगी। साथ ही पानी और बरसात में भी समस्या नहीं होगी। साथ ही शहरवासियों को भी धूलरहित, स्वच्छ वातावरण में खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे। इसके लिए चुनिंदा स्थानों पर आकर्षक गुमटियां (क्योस्क) लगाई जाएंगी। फिलहाल शहर में रिवर व्यू रोड पर क्योस्क लगाए गए हैं। इस प्रकार की गुमटियों की स्थापना करने के लिए ही वेंडिंग जोन बनाए जा रहे हैं। नई जगहों पर 200 क्योस्क लगाए जाने की योजना है। अब दूसरे मद से राशि की व्यवस्था करते हुए योजना पूरी की जाएगी।

अधिकांश जगहों के फुटपाथों पर कब्जा हो गया

देखा जाए तो शहर और उसके आसपास जनता के लिए बनाए गए फुटपाथ धीरे-धीरे अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए और वर्षों से नए बने ही नहीं। पिछले एक दशक में शहर के दर्जनभर से अधिक स्थानों पर दो करोड़ रुपए से अधिक के फुटपाथ बनाए गए। इनमें से अधिकांश पर अब कब्जा हो चुका है। सीएमडी कॉलेज चौक से विद्या नगर की ओर जाने वाले रोड की टर्निंग पर होटल वाले का कब्जा है। इसी मार्ग पर आगे कई अन्य दुकानदार अपना सामान रखने के लिए उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। तारबाहर चौक के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारक स्थल की बाउंड्री पर अतिक्रमण हो चुका है। वर्ष 2008 के चुनाव के दौरान तालापारा में बनाए फुटपाथ के अधिकांश हिस्से में दुकानदार काबिज हो चुके हैं। रिंग रोड नंबर 2, मंगला से लेकर कलेक्टोरेट तक सरकंडा में हर जगह सड़कों और फुटपाथों पर ठेले हैं।

शनिचरी में 36 लाख में बना वेंडिंग जोन सूना

हालांकि देखा जाए तो निगम ने शनिचरी बाजार में फल ठेले वालों को व्यवस्थित करने के लिए 36 लाख रुपए खर्च कर वेंडिंग जोन बनाया है। पानी टंकी के पीछे शिफ्ट भी किया है। बकायदा यहां बिजली, पानी, शेड की सुविधा है। कोशिश थी की बाजार में जाम ना लगे और गर्मी हो या बरसात ठेले वालों को फल बेचने में परेशानी ना हो। कुछ दिनों तक तो फल वाले इस वेंडिंग जोन ठेले लगाते रहे लेकिन पिछले कुछ दिनों से फिर वही हालत हो गई है। 50 से अधिक फल वाले फिर से बिलासा चौक और बाल्मिकी चौक के पास पहुंच गए हैं। वेंडिंग जोन एक तरह से सूना और चौक पर जाम लग रहा है।

राशि की व्यवस्था की जा रही है

सड़क, फुटपाथ, नाली या किसी भी शासकीय संपत्ति पर अब ठेला लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोशिश है कि हर वार्ड में जमीन की उपलब्धता के अनुसार स्थायी वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। फिलहाल पांच जगहों पर वेंडिंग जोन और चार जगहों पर नानवेज मार्केट बनाने की योजना है। राशि की व्यवस्था की जा रही है।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

मौके पर पहुंची वन विभाग और कानन पेण्डारी की रेस्क्यू टीम, ढूंढने में लगे दो घंटे

पचपेड़ी में भालू की दस्तक से हड़कंप रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर और मस्तूरी के पचपेड़ी क्षेत्र में भालू की दस्तक से ग्रामीण क्षेत्र में हड़कंप मच गया। भालू के डर से ग्रामीण इधर-उधर भागने लगे। सूचना पर बिलासपुर वन मंडल और कानन पेण्डारी की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची, जहां दो घंटे से अधिक समय तक मशक्कत करने के बाद रेस्क्यू कर भालू को सोंठी के जंगल में छोड़ दिया गया।

शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे के आसपास पचपेड़ी और ध्रुवाकारी के बीच नहर किनारे टहल रहे लोगों की अचानक नजर भालू पर पड़ी, जिसे देखते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने सतर्कता बरतते हुए भालू को गांव की ओर आने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन भालू केंवतरा होकर सुकुलकारी होते हुए भरारी जंगल की ओर चला गया। इसकी सूचना बिलासपुर वन मंडल को दी गई। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार, रेंजर यशपाल वर्मा, विभागीय टीम सहित कानन पेण्डारी जू के डॉक्टर पीके चंदन व रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के अफसर और स्टाफ ने ग्रामीणों से सतर्क रहने का अनुरोध किया। विशेष रूप से खेतों में काम करने वाले किसानों और सुबह-शाम बाहर निकलने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई। इसके बाद चिकित्सक और टीम ने भालू का रेस्क्यू शुरू किया। दोपहर, शाम तक भालू का रेस्क्यू करने के बाद स्वस्थ होने के कारण सोंठी के जंगल में छोड़ दिया गया। इस संबंध में बिलासपुर वन मंडल के रेंजर यशपाल वर्मा ने बताया कि भालू का रेस्क्यू कर जंगल में सही सलामत छोड़ दिया गया है। भालू मादा है और उसकी उम्र 6 वर्ष के करीब है। जानकारी मिली कि वह जांजगीर-चांपा में विचरण करने के बाद नदी पार कर चिल्हाटी की ओर आया था। भालू के कारण किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

बाहर निकलने में डरते रहे ग्रामीण

पचपेड़ी में भालू की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहा। वहीं सूचना मिलने के एक घंटे बाद बिलासपुर वन मंडल के अधिकारी और स्टाफ मौके पर रवाना हुए। बिलासपुर वन विभाग की ओर से भालू के क्षेत्र में आने की जानकारी कानन पेण्डारी जू के रेस्क्यू सेंटर को दी गई। जानकारी मिलने उपरांत रेस्क्यू टीम और गाड़ी को मौके पर पहुंचने में डेढ़ घंटे से अधिक का समय लग गया। भालू के लोकेशन की जानकारी लेने में ही टीम को काफी समय लग गया। इस दौरान ग्रामीण घर से बाहर निकलने में डरते रहे। भालू को रेस्क्यू करने के उपरांत डॉक्टर ने चेकअप किया, जिसमें मादा भालू पूरी तरह से स्वस्थ था। इसके बाद उसे पिंजरे में बंद कर जंगल में सही सलामत छोड़ दिया गया।

घर नहीं दिया तो मंगल भवन पर कर लिया कब्जा

- नगर पंचायत मल्हार का मामला
- पांच परिवारों ने मंगल भवन में बनाया ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर पंचायत मल्हार के तत्कालीन सीएमओ द्वारा नया घर देने का आश्वासन देकर सोलह ग्रामीणों का अतिक्रमण कर बनाया गया मकान तोड़ा गया था, लेकिन संबंधितों को वायदे के मुताबिक मकान नहीं दिया गया। इस बात से नाराज पांच परिवारों ने मल्हार के मंगल भवन में ही कब्जा कर पूरे परिवार सहित वहीं अपना स्थायी निवास बना लिया है। नगर पंचायत प्रशासन इस मामले में पूरी तरह बेबस नजर आ रहा है।

नगर पंचायत मल्हार में तत्कालीन सीएमओ मनीष ठाकुर के द्वारा अप्रैल 2025 में अटल बाजार के पीछे अतिक्रमण कर निवास कर रहे सोलह परिवारों के मकान तोड़े गए थे। उस दौरान ग्रामीणों का विरोध शांत करने के लिए सीएमओ के द्वारा तत्काल नया मकान मुहैया कराने का आश्वासन दिया गया था। पीड़ितों को नया मकान तो नहीं दिया गया, लेकिन इस बात से नाराज पांच परिवारों ने मल्हार के मंगल भवन में ही कब्जा कर लिया है। हालत यह है कि मंगल भवन में एक ओर शादी समारोह के लिए बुकिंग करने वाले के मेहमान ठहरते हैं, वहीं दूसरी ओर कब्जा कर निवास कर रहे ग्रामीण। हालांकि अब तक बुकिंग कराने वालों व निवासरत ग्रामीणों के बीच फिलहाल किसी भी तरह के विवाद की सस्थिति निर्मित नहीं हुई है, लेकिन आगे ऐसी किसी घटना से इंकार भी नहीं किया जा सकता।

कब्जा नई करे हन, सीएमओ हमन ल राखे हावय

ग्रामीण बुटू यादव ने कहा कि उन्होंने मंगल भवन में किसी तरह का अवैध कब्जा नहीं किया है। तत्कालीन सीएमओ मनीष ठाकुर के द्वारा अतिक्रमण तोड़ने के दूसरे दिन ही नया घर दिलाने के आश्वासन पर मकान तो तोड़ दिया गया, लेकिन मकान नहीं दे सके। ऐसे में सीएमओ के कहने पर ही वे मंगल भवन में निवास बनाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन अपने वादे से मुकर रहा है।

कमाने–खाने बाहर गए दो परिवारों ने लगाया कमरे में ताला

धर्मेंद्र पाटले व बुकन्नू पाटले नामक दो व्यक्ति मल्हार से पलायन कर कमाने-खाने के उद्देश्य से प्रयागराज चले गए हैं। दूसरे राज्य जाने के बाद भी उन्होंने मंगल भवन से कब्जा नहीं छोड़ा है। उन्होंने मंगल भवन के दो कमरों में अपना ताला लगाकर रखा है।

नोटिस दिया गया है

यह पूरा घटनाक्रम मेरी ज्वाइनिंग से पहले का है। मंगल भवन में कब्जा करने वाले लोग मेरे आने के पहले से ही वहां शिफ्ट हो चुके थे। तत्कालीन सीएमओ द्वारा तात्कालिक व्यवस्था के रूप में उन्हें कुछ दिनों के लिए वहां आश्रय दिया गया था। पर्याप्त समय होने के बाद भी उन्होंने अपनी व्यवस्था कहीं और नहीं की है, जिससे उन्हें मंगल भवन से कब्जा छोड़ने का नोटिस भी दिया जा चुका है। अब इस मामले में कड़ी कार्रवाई की तैयारी है।

- **अनुभव सिंह**, सीएमओ नगर पंचायत मल्हार

अतिक्रमणकारी को तत्काल निर्माण रोकने दिया गया था स्थगन आदेश

स्थगन आदेश के बाद भी निस्तारी रास्ता रोका

सकरी तहसील का मामला | **अपनी ही जमीन पर जाने रास्ता खोज रहे एएसआई**

सरकारी जमीन पर दीवार खड़ी करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सामने की सरकारी जमीन को निजी बताकर तारकांटा घेरने व दीवार खड़ी करने के खिलाफ नायब तहसीलदार की कोर्ट से स्थगन मिलने के बाद भी एएसआई को अपनी ही जमीन पर आने-जाने के लिए रास्ता नहीं मिल पा रहा है। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत तहसीलदार, एसडीएम सहित जिला व पुलिस प्रशासन में भी की है, लेकिन नतीजा शून्य है।

हाईकोर्ट में पदस्थ एक एएसआई अपनी ही जमीन पर आने-जाने के लिए निस्तारी रास्ता बचाने के प्रयास में बेबस नजर आ रहे हैं। आवेदिका सुभद्रा बाई व उनके एएसआई पति श्री दयाशंकर साहू ने सकरी तहसील में एक शिकायत की है। इसके अनुसार सकरी तहसील के समलपुरी में उनकी भूमि स्थित है, जिसका खसरा नंबर 556/2 है। सरकारी रिकार्ड में उक्त भूमि आवेदिका के नाम पर ही दर्ज है। उक्त भूमि के सामने स्थित शासकीय भूमि जिसका खसरा नंबर 548 है, जिस पर अनावेदक अरूण कुमार गुप्ता द्वारा कांटा तार करने की शिकायत की गई है। इसी तरह इसी भूमि के बाजू में अनिल वस्त्रकार के द्वारा आवेदिका की भूमि एवं शासकीय भूमि में दीवार खड़ी करने की भी शिकायत की गई थी।

इस मामले में नायब तहसीलदार की कोर्ट द्वारा सुनवाई करते हुए 20 अप्रैल 2026 को अरूण कुमार गुप्ता एवं अनिल वस्त्रकार को उनके द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण रोकने के संबंध में आदेश जारी किया गया था। इतना ही नहीं, बल्कि अवमानना करने की स्थिति में अनावेदकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने के संबंध में भी लेख किया गया था। न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश देने के बाद भी अनावेदकों द्वारा लगातार तारकांटा घेरने एवं दीवार खड़ी करने के कारण आवेदकों को अपनी ही जमीन पर आवाजाही के लिए रास्ता नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में उन्होंने न केवल तहसीलदार व एसडीएम, बल्कि एसपी व कलेक्टर के समक्ष भी अपनी शिकायत दर्ज करा दी है, लेकिन आज दिनांक तक नतीजा शून्य है।

कार्रवाई की जाएगी

यह मामला जानकारी में है। पटवारी को मौके पर भेजकर कार्य रूकवा दिया गया था। मामले की जांच अभी भी जारी है। अभी रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **विभोर यादव**, नायब तहसीलदार सकरी

खबर संक्षेप

खिदमत सेवा समिति में चांद की नियुक्ति

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा रेलवे कॉलोनी बंगला यार्ड निवासी चांद मोहम्मद को लुतरा शरीफ दरगाह खिदमत सेवा समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज द्वारा जारी आदेश के तहत की गई है। लुतरा शरीफ दरगाह प्रदेश की प्रमुख धार्मिक और आस्था स्थलों में से एक है, जहां बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचते हैं। ऐसे में सेवा समिति में नई नियुक्ति को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सकर्रा के विद्यार्थियों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

सकरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकर्रा के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से पूरे ग्राम में हर्ष और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। कक्षा 10वीं में कुमारी महिमा यादव ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रश्मि कौशिक ने 86.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा पल्लवी साहू ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह रीना साहू ने 94.3 प्रतिशत अंक अर्जित कर गांव का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में कुमारी आकांक्षा कौशिक ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में महिमा कर्ष ने 81.2 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में कुमारी मात्तरी ने 82.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

निधन

सरदार करम सिंग

बिलासपुर। बिलासपुर अल्का एवेन्यू निवासी सरदार करम सिंग का 7 मई को 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे रणवीर सिंह व पुष्पेंद्र सिंह के पिता थे।

अजय तिवारी

बिलासपुर। लायंस क्लब इंटरनेशनल वसुंधरा की रीजन क्रमांक 4 की रीजन सचिव एवं ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष अर्चना तिवारी के छोटे भाई अजय तिवारी का 8 मई को बिलासपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 मई को बनारस के मणिकर्णिका घाट पर किया जाएगा।

मंदाकिनी देवी तिवारी

बिलासपुर। चौबे कॉलोनी, सरकंडा निवासी श्रीमती मंदाकिनी देवी तिवारी पति स्व. जनक राम तिवारी का 90 वर्ष की आयु में 8 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे श्याम सुन्दर, चंद्रशेखर और रजनी की माता एवं सहायक प्राध्यापक पीयूष, डॉ. आयुष और डॉ. आशीष की दादी थीं।

विजयपुर समाधान शिविर में शामिल हुए राज्यमंत्री तोखन

जनता भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली से खुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सुशासन तिहार के तहत विजयपुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू शामिल हुए। सुशासन तिहार शिविर में 291 मांग तथा 1 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। शिविर को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि, केंद्र और प्रदेश की भाजपा की सरकार लोगों को शासन को उनके घर तक लेकर जा रही है, और उनकी समस्या को वहीं पर निराकरण कर रही है।

आम लोगों को अपनी समस्याओं के लिए भटकना नही पड़ रहा है, न ही किसी कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, प्रदेश के भाजपा की सरकार जनकल्याणकारी, जन हितैषी, योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर संचालित कर रही है। लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। प्रदेश की जनता छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार की कार्य प्रणाली से खुश है, और जनता इस बात का अनुभव कर रही है कि, प्रदेश का विकास यदि कोई कर सकता है, तो वह भाजपा की सरकार है। जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा, तखतपुर जनपद पंचायत क्षेत्र में विकास मूलक योजनाओं का संचालन हो रहा है, और इससे आमजन लाभांवित हो रहे हैं। भाजपा की सरकार के कार्यकाल में कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर कहीं जाना नहीं पड़ रहा है। शिविर में 11 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 9 मनरेगा जाब कार्ड, 25 आयुष्मान कार्ड, लर्निंग ड्राईविंग लाईसेंस 50 व्यक्तियों को जारी किया गया, 2 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति, 82 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण व 6 स्वसहायता समूह को अनुदान राशि का चेक दिया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक धर्मजीत सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक, कलेक्टर संजय अग्रवाल,जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, जनपद उपध्यक्ष राकेश तिवारी, सभापति सीमा आसवानी श्रीवास, श्याम सिंह ध्रुव, जनपद सदास्य सावित्री भरत मरकाम, ऋषभ कश्यप, मंडल अध्यक्ष नयनलाल साहू। दिनेश साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद ठाकुर राजकमल साहू, जनपद सीईओ सत्यव्रत तिवारी, विरेंद्र कश्यप, इंद्राज ठाकुर, पेखन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार: शिविर में लोगों ने रखी मांग व समस्याएं

सीपत। स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में गुरुवार को सुशासन तिहार के तहत जिला स्तरीय जन समस्या निवारण एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं शिविर में प्राप्त 331 आवेदनों में से 201 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ भी वितरित किया गया। कलेक्टर की अनुपस्थिति में शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे जिपं सीईओ संदीप अग्रवाल के सख्त तेवरों से विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

■ प्राप्त हुए 331 आवेदन, योजनाओं के हितग्राही लाभान्वित

दोपहर करीब 1:15 बजे शिविर स्थल पहुंचे जिपं सीईओ संदीप अग्रवाल ने मंच पर जाने से पहले विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। सबसे पहले वे पंजीयन स्टॉल पहुंचे, जहां आवेदन पंजीयन कार्य बंद मिला। मौके पर मौजूद लोगों ने शिकायत की कि उनके आवेदन दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। इस पर सीईओ ने नाराजगी जताते हुए तत्काल पंजीयन काउंटर दोबारा शुरू करवाया। इसके बाद शाम 3 बजे तक लगातार आवेदन लिए गए। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के स्टॉल में सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति पर भी उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और मस्तूरी एसडीएम शिवकुमार कंवर को संबंधित अधिकारी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। शिविर में सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने प्रदेश सरकार की योजनाओं और सुशासन की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि, शिविर में कम लोगों की उपस्थिति विभागों द्वारा पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं किए जाने का परिणाम है। भविष्य में व्यापक सूचना प्रसार की आवश्यकता पर भी जोर दिया। शिविर में मस्तूरी विकासखंड अंतर्गत सीपत, झलमला, नवागांव, मचखंडा, गुड़ी, नरगोड़ा एवं पोड़ी सहित आसपास की पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति मनोज खरे, नागेश्वरी साहू, मस्तूरी जेआर भगत, तहसीलदार गरिमा ठाकुर, आबकारी विभाग से नवनीत तिवारी, जल संसाधन विभाग एसडीओ शुभम साहू, पीएचई विभाग से अरुण भार्गव, विद्युत विभाग सहायक यंत्री कौशल जायसवाल, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी रूचि विश्वकर्मा, सीपत पंचायत सचिव हेमंत पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा सरकार का लक्ष्य 'अंत्योदय' और सर्वांगीण विकास : कौशिक

बिलासपुर। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा बिल्हा के बिल्हा, बरतोरी, बोदरी और सरगाँव मंडल की आयोजित मासिक बैठक में सम्मिलित होकर संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

■ विधानसभा बिल्हा के विभिन्न मंडलों की संगठनात्मक बैठक

बैठक में मंडल स्तर पर माहभर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई अहर विभिन्न कार्यक्रमों जनसम्पर्क अभियानों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत रुपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाना हमारा प्रथम कर्तव्य है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है, जिनके समर्पण, परिश्रम एवं सेवा भाव से संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता निश्चित रूप से संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह, सक्रियता एवं संगठन के प्रति समर्पण निश्चित रूप से सरगांव मंडल को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान, शिक्षा, रोजगार और न्याय पहुंचाना है। जब कार्यकर्ता जागरूक और संगठित होता है, तब परिवर्तन निश्चित होता है। आज चकिया की धरती से जो संकल्प लिया गया है, वह पूरे प्रदेश में सामाजिक न्याय और अधिकारों की नई चेतना जगाने का कार्य करेगा।

प्रतिष्ठित गूंज दिल्ली फेलोशिप के लिए शारदा का चयन

तखतपुर। विकासशील फाउंडेशन की सामाजिक कार्यकर्ता शारदा साहू का चयन प्रतिष्ठित गूंज दिल्ली फेलोशिप के लिए हुआ है। इस फेलोशिप में पूरे देश से लगभग 1 हजार 100 लोगों ने आनलाइन फार्म भरा, जिसमें छत्तीसगढ़ से नारी शक्ति की आवाज शारदा साहू का चयन मुम्बई में आयोजित साक्षात्कार के लिए किया गया। साक्षात्कार में छग से 8 लोग थे, जिसमें से शारदा साहू का चयन हुआ। यह चयन महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के अधिकारों को लेकर उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर किया गया है।

बरपाली कालेज में हिन्दी विभाग की संगोष्ठी

बिलासपुर। शासकीय महाविद्यालय बरपाली के हिन्दी विभाग द्वारा दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीपीजी महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञ डॉ एसएस वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी जंघेल ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि, संगोष्ठी के माध्यम से विद्यार्थियों में हिन्दी भाषा के प्रति रुचि विकसित करने तथा साहित्यिक चेतना को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, हिन्दी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों की वाहक है।

मुख्य वक्ता डॉ एसएस वर्मा ने लोक साहित्य एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए लोककथा, लोकगाथा, लोकनाट्य, लोकनृत्य, भोजली, जंवारा तथा ददरिया लोकगीतों की विशेषताओं को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विषय विशेषज्ञ डॉ एसएस वर्मा ने स्त्री विमर्श एवं दलित साहित्य विषय पर ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताते हुए वर्तमान समय में इसकी दशा और दिशा पर विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन कोमलेश वैष्णव एवं आभार प्रदर्शन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ डीजी महंत ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो एसके लहरे, डॉ टीएस रहनमिश्री, डॉ टीएम भगवान, प्रो डीके चंद्रा, लक्ष्मी साहू, प्रो अरविंद खाखर, आशिष वर्मा, डॉ आकाश वैष्णव, किरण ठाकुर, आयुषी बघेल, डॉ प्रतिमा कुर्मी, कुमुदा सिदार, प्रतिमा उंदरिया सहित हिन्दी विभाग के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मां के दशगात्र के दिन तालाब में डूबने से युवक की मौत

रतनपुर। नगर के वार्ड क्रमांक 8 भेड़ीमुड़ा बस्ती में एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। मृतक की पहचान कृष्ण कुमार धीवर 25 वर्ष पिता सहसराम धीवर निवासी भेड़ीमुड़ा वार्ड 8 रतनपुर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार मृतक की मां का हाल ही में निधन हुआ था, जिसके चलते घर में दशगात्र कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान कृष्ण कुमार घर के पास स्थित जगदेवबंद तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय मछुआरों ने तालाब में जाल डालकर काफी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

धर्मजीत ने किया 8 करोड़ की पांच सड़कों का भूमिपूजन

तखतपुर। निगारबंद के सुरीघाट में विधायक धर्मजीत सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 7 करोड़ 71 लाख रूपए की लागत से बनने वाली पांच सड़कों का भूमिपूजन किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की सरकार ने हर क्षेत्र में विकास की गंगा बहा रही है, और आज प्रदेश चहुंमुखी विकास कर रहा है।

■ 30 लाख के महतारी सदन की घोषणा

भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने कहा कि, विधायक धर्मजीत सिंह पूरे विधानसभा क्षेत्र के लिए विशेष योजना के साथ काम कर रहे हैं, और आज पूरे तखतपुर विधानसभा का स्वरूप विकसित नजर आ रहा है। आने वाले समय में क्षेत्र में विकास का काम होते रहेंगे। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, विकास की पहली सीढ़ी सड़क है, जिसके माध्यम से सुगम आवागमन होता है और इसी से क्षेत्र की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती है एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में गति मिलती है। सड़क ही एक बुनियादी आवश्यकता है, जिसके माध्यम से हम हर लक्ष्य को हासिल करते हैं। भूमिपूजन के अवसर पर उन्होंने 30 लाख रूपए के महतारी सदन की घोषणा की। इस अवसर पर राकेश तिवारी, रिषभ कश्यप, श्याम सुंदर कश्यप, अम्बालिका कश्यप, प्रवीण कश्यप, सावित्री तोमर, शारदा कश्यप, रजनी देवांगन, नैन लाल साहू, प्रमोद ठाकुर, अमित मंदानी, ईश्वर देवांगन, कृष्ण कुमार साहू, प्रीतम कश्यप, दिनेश साहू, दिलीप तोलानी, इस्लाम अंसारी, अंकित अग्रवाल, कोमल सिंह ठाकुर, सुनील आहुजा, कैलाश देवांगन जन्मेजय कश्यप, सुंदरी केंवट, इंद्रभान सिंह भूपेंद्र साहू, योगेश पाण्डे, दुर्गेश साहू, मदन साहू, कुमार केंवट सहित अन्य उपस्थित रहे। इन सड़कों का हुआ भूमिपूजन-विधायक ने जिन सड़कों का भूमिपूजन किया, उसमें ठाकुरकापा बेलपान सिलतरा रोड से खरगा लागत करोड़, मुड़ापार बेलपान से मुड़ापार रोड लागत 1.23 करोड़, निगारबंद से सुरीघाट रोड लागत 1.23 करोड़, दैजा में खम्हरिया बीजा रोड से गुड़ीपारा लागत 1.17 करोड़, सकेती में बस्ती से जोगीदीप लागत 1.51 करोड़ के सड़क निर्माण शामिल है।

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
उद्घोषणा प्रारूप 'ख' (नियम 2 देखिए)
ईश्तहार

ग्राम जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36

क्योंकि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.न. 36 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के सह-भू-धारी प्रवीण ठक्कर पिता स्व. हरिलाल ठक्कर निवासी माधव विला तह व जिला कच्छ गुजरात ने निम्न अनुसूची से विनिर्दिष्टि खाते में अपने भाग में बंटवारे के हेतु आवेदन किया है, तथा क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित किया गया है और सुनवाई दिनांक 22/05/26 स्थान तहसील कार्यालय बिलासपुर पर 11.00 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर मे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को स्वयं या किसी अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां प्रस्तुत न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

खाते का विवरण

क्र. खसरा क्रमांक	रकबा
188/67,118/68	0.077,0.012 हे.

तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

//आम सूचना//

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि वाद भूमि मौजा ग्राम संबलपुरी, प.ह.नं. 40, रा.नि.मं. पेण्डारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 456/1. 525/3, 592/1, 738/1, 478/1, 749/2, 51/1 रकबा क्रमशः 0.0405, 0.0080, 0.0150, 0.115, 0.0708, 0.1195, 0.1085 हेक्टेयर कुल रकबा 0.4738 हेक्टेयर भूमि में से रकबा लगभग 0.27 एकड़ भूमि जो कि जैजैराम वस्त्रकार पिता स्व.लक्ष्मण वस्त्रकार निवासी-संबलपुरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ0ग0 से मेरे पक्षकार राजेन्द्र प्रसाद साहू पिता जगदीश प्रसाद साहू निवासी 2री बटालियन गेट के सामने, वार्ड नं. 5 संबलपुरी पोस्ट व तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा विक्रय का करार किया जाकर अग्रिम राशि प्रदान की दी गई है। उक्त भूमि का निकट भविष्य में पंजीयन बैनामा निष्पादित कराया जाना था किन्तु जैजैराम वस्त्रकार पिता स्व.लक्ष्मण वस्त्रकार द्वारा अधिक रकम के लालच में उक्त भूमि का अन्यत्र सौदा करने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि एक अपराधिक कृत्य है, जिसके विरूद्ध मेरा पक्षकार पृथक से मामला प्रस्तुत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा उपरोक्त भूमि के सौदे बाबत मेरे पक्षकार द्वारा पंजीकृत सूचना मय पावती अधिवक्ता के माध्यम से भूमि पंजीयन कराये जाने हेतु जैजैराम पिता लक्ष्मण वस्त्रकार को प्रेषित की गई है, जिसके पश्चात पंजीयन बैनामा मेरे पक्षकार के पक्ष में न किये जाने पर व्यवहार न्यायालय में विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के तहत न्यायालय के माध्यम से पंजीयन बैनामा निष्पादित कराये जाने हेतु मेरा पक्षकार व्यवहार वाद प्रस्तुत किया जाना है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के संदर्भ में किसी भी प्रकार की कार्यवाही क्रय, विक्रय, अंतरण, हस्तांतरण, इकरारनामा आदि कोई भी कार्यवाही जैजैराम वस्त्रकार पिता लक्ष्मण वस्त्रकार से न करें। उपरोक्त समस्त कृत्य स्वमेव विधिविरूद्ध व अवैध होवेगा जिस पर मेरा पक्षकार उपरोक्त संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध सिविल, दाण्डिक व प्रतिकर संबंधी कार्यवाही किये जाने हेतु स्वतंत्र होवेगा तथा समस्त हर्जे-खर्चे के व न्यायालयीन वाद-विवाद के पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति जो कि आशयपूर्वक उपरोक्त कृत्य का संपादन करेगा वो जिम्मेदार होवेगा।

सो सूचना जाने
स्थान - बिलासपुर
दिनांक- 5/05/2026
(जुगल किशोर पाण्डेय)
अधिवक्ता
कार्यालय एवं निवास-बालाजी नर्सिंग होम के पास, गली नं.2, देवनंदन नगर, फेस-1, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) 495006
मो.9770750042, 8818811150

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 28/04/2026

मौजा जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.न.36 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित/कृषि भूमि ख.न. 129/4 130/9 रकबा 0.0650, 0.0490 वर्गफीट एकड़ हेतु आवेदक/आवेदिका एम. पद्मावती वगै. पति स्व. एम राम लिंगेश्वर राव निवासी टिकरापारा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत ताबादलानामा / फौती नामांतरण / बैनामा रजिस्ट्री नामांतरण/ वसीयत नामातरण/दानपत्र नामांतरण/पंजीकृत हकत्याग नामांतरण, तबादला नामा, हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि, किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 14/05/26 को सुबह 11 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 28/04/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
मा.क. अ-6 अ/2025-26, ग्राम पेण्डारी, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पेण्डारी प.ह.न. 47 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार सिसोदिया उम्र 50 साल पिता श्री शिवदत्त सिंह जाति क्षत्रिय निवासी वार्ड कमांक 10, रजत मेडिकल स्टोर भटगांव रोड जरही जिला सूरजपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया है कि ग्राम पेण्डारी प.ह.नं. 47 रा.नि.म. पेण्डारी तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 1092/23 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि स्थित है. जो ऑनलाईन रिकार्ड में रकबा 0.0120 हे. त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि है। यह कि आवेदक के द्वारा परिवर्तित खसरा नं 1092 मे से रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के जरिये एम्पल इन्फावेंचर प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर राहुल छाबड़ा एवं मोतीलाल दयालानी से दिनांक 13.02.2018 को क्रय कर क्रय दिनांक से निर्वाध रूप से काबिज है। यह कि वादभूमि पंजीकृत बैनामा के जरिए अ.भू.अ. के रा.प्र.क्र. 1549/अ-6/2017-18 आदेश दिनांक 19.03.2018 के अनुसार परिवर्तित नामांतरण रकबा 1500 व.फु. का दुरूस्त किया गया है। यह कि वादभूमि का रिकार्ड दुरूस्ती के समय रकबा 1500 वर्गफुट का हेक्टेयर 0.0120 हे. दर्ज किया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है जबकि वास्तविक में रकबा 1500 वर्गफुट का हेक्टेयर रकबा 0.0139 हे. होता है। यह कि वादभूमि के ऑनलाइन रिकार्ड में त्रुटिपूर्ण दर्ज रकबा को सुधार कराये जाने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 15/05/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
सकरी

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
राजस्व मामले में उपस्थिति हेतु सूचना
रा.प्र.क्र202602070800191
/अ-6/2025-26

ग्राम केकती, प.ह.न. 17 तहसील तखतपुर
प्रति, 1. रेशम कुंवर पति लोकनाथ 2. तिरबेनी बाई पिता लोकनाथ 3. कुमारी बाई पिता लोकनाथ 4. जमुना बाई पिता लोकनाथ 5. नर्मदा बाई पिता लोकनाथ 6. उत्तम कश्यप पिता छेदीलाल सभी जाति कुर्मी निवासी ग्राम केकती तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक विजेन्द्र कुमार पिता छोटेलाल जाति कुर्मी निवासी ग्राम भरनी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा मौजा ग्राम केकती प.ह.न. 17 रा.नि.मं. बेलपान तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में भूमि खसरा नम्बर 779 का टु. 780/1 का टु., 780/2 का टु., 783 कस टु, 784 का टु. रकबा क्रमशः 0.11, 0.56, 0. 21, 0.16.0.16 कुल रकबा 1.20ए. भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 17/04/1985 क आधार पर अपने नाम पर नामांतरण कर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण मेरे न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि के नामांतरण में यदि आपको कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में दिनांक 14.05.2026 को मेरे न्यायालय में स्वतः या अपने अधिवक्ता या मान्य अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत करे अन्यथा बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 24.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी।

तहसीलदार, तखतपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक बिल्हा, तहसील-बिल्हा/बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
//सूचना//
क्रमांक/क्यू/रा.नि./2026
बिल्हा दिनांक 8/5/2026

प्रति,
आवेदक/आवेदिका यश मुंदड़ा/आनंद मुंदड़ा
आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूमिस्वामी 1. नरेश अग्रवाल बिल्हा 2. कार्यालय भा.रा. राजमार्ग बिलासपुर
विषय :- मौका जाँच/सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी/ज्ञापन क्रमांक//क./तह./वाचक/2026 बिल्हा दिनांक 17/4/2026
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका यश मुंदड़ा पिता आनंद मुदड़ा निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी में मौजा पेण्ड्रीडीह प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील- बिल्हा/बोदरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 279/7, 281/13, 281/2 रकबा 0.263, 0.493, 0.570 का सीमांकन हेतु छ.ग. भू- राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन किया गया है।
संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 18/5/26 को समय 12.00 से 5.00 बजे से किया जाना है। अतः आप अपनी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि को स्थल पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक बिल्हा
तह. बिल्हा/बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)
// ईश्तहार//
रा.प्र.क्र. ब-121/2025-26
ग्राम पंचायत साल्हेघोरी

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम-साल्हेघोरी को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका लेखराम साहू पिता सुखदेव साहू जाति तेली ग्राम साल्हेघोरी तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/ पिता/ परदादी दशमत जन्म / मृत्यु दिनाँक 10.03.1998 को ग्राम साल्हेघोरी में हुआ है, जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म / मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 11/05/2026 को सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपात्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनाँक 21/04/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

आम सूचना

मैं सोनल तिवारी पिता गोवर्धन तिवारी आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि इकरारकर्ता सेवती देवी सोनी उम्र 66 वर्ष पति स्व. रामनाथ सोनी जाति सोनार निवासी भाठापारा बोदरी वार्ड क्र. 11 ग्यारह तह. बिल्हा वर्तमान तह. बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. जो कि मूल निवासी है जो कि भूमि स्वामी हक की डायवर्टेड भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं. 1 (एक) तह. बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. में खसरा नं. 404/4 रकबा 0.29 एकड़ भूमि पटवारी व राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसमें क्षेत्रफल 4000 वर्गफिट पक्का मकान निर्मित है को मै सोनल तिवारी उम्र 30 वर्ष पिता गोवर्धन प्रसाद जाति ब्राह्मण निवासी सेंवार पोस्ट सेंवार तह. बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. वाले के पास 30,00,000/- तीस लाख रूपये कुता में बिक्री करने का पक्का सौदा किया है बतौर बयाना 20,50,000/- बीस लाख पच्चास हजार रूपये प्राप्त कर चुकी है। इसका समयावधि बढ़ाया गया है जिसमें आज दिनांक तक पंजीयन नहीं किया गया है अतः सूचना प्रकाशित किया जा रहा है कि उपरोक्त जमीन का इकरार नामा न करें तथा किसी भी प्रकार का लेन देन न करें। सूचनार्थ।

प्रार्थी
सोनल तिवारी
ग्राम सेंवार (बिल्हा)
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9926111650

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना
क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 08/05/2026

प्रति, 1. आवेदक हेमन्त कुमार पुरेना पिता धरमलाल पुरेना आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. उर्मिला तिवारी 3. निर्मला पुरी गोस्वामी 4. अध्यक्ष - सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति मोपका एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
विषयः- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ ना. तह./ वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 21/04/2026
ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 924/16, 933/101 रकबा 0.0220 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक हेमन्त कुमार पुरेना निवासी भड़वा बिलाईगढ़ कसडोल के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 14/05/2026 को समय 10:00 से 5.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका बिलासपुर (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
(MEDICAL REIMBURSEMENTS)

बिलासपुर, शनिवार 9 मई 2026

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

स्पर्धा

लघु फिल्म प्रतियोगिता के लिए 30 जून तक भेज सकेंगे प्रविष्टियां

बिलासपुर। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा 12वें लघु फिल्म प्रतियोगिता 2026 के लिए प्रविष्टियां 30 जून 2026 तक आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में किसी भी आयु समूह के नागरिक भाग ले सकते हैं। चयनित फिल्म को प्रथम पुरस्कार 2 लाख, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 50 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपए एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई शुल्क निर्धारित नहीं है। लघु फिल्म का विषय 'ह्यूमन राइट इश्यू' है, जो अंग्रेजी एवं किसी भी भारतीय भाषा में हो सकता है। लघु फिल्म की अवधि न्यूनतम 3 एवं अधिकतम 10 मिनट का होना चाहिए। प्रविष्टियां केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

मनोरंजन

चाचा चौधरी, पोकेमॉन, चंपक, कार्टून कैरेक्टर, बच्चों के फेवरेट

बिलासपुर। बच्चों की कॉमिक्स बुक में चाचा चौधरी, अमर चित्रकथा, चंपक, अकबर-बीरबल, तेनालीराम, रमन, टिंकल और पंचतंत्र की कहानियां आज भी सबसे फेवरेट बनी हुई है। वहीं वेस्टर्न में डॉग मैन, स्माइल, बोन और आर्ची कॉमिक्स काफी पसंद की जा रही हैं। इनकी कहानियों को पढ़कर बच्चे अपना मनोरंजन कर रहे हैं, वहीं इन कार्टून कारेक्टर वाली सुपर हीरोज से वह नैतिक शिक्षा भी ग्रहण कर रहे हैं। शहर के किताबघर में चाचा चौधरी, अमर चित्रक्कथा, चंपक, टिकल और पंचतंत्र की कहानिया, वेस्टर्न में डॉग मैन, स्माइल, बोन और आर्ची कॉमिक्स बच्चों के पेरेंट्स समर सीजन में अपने बच्चों के खरीद रहे है। उन्होंने बताया की यह कॉमिक्स की किताबे बच्चों की कल्पना शक्ति को बढ़ाने में सबसे अधिक सहायक होती है। इन किताबों को पढ़कर वह मनोरंजन के साथ-साथ प्रेरणा हासिल करने और शब्द ज्ञान अर्जित करने खूब पढ़ रहे हैं। वहीं रोआल्ड डाहल द्वारा लिखी गई कुछ सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय पुस्तकें में चार्ली एंड द चॉकलेट फैक्ट्री को पढ़ना है। चाचा चौधरी हिंदी कॉमिक्स में पहले नंबर पर है। इसमें तेज दिमाग वाले चाचा और साबू की मजेदार कहानियां बच्चों को खूब पसंद आ रही है। वहीं दूसरे नंबर पर चंपक है, जो अपने ज्ञानवर्धक कहानियों के लिए बच्चों की बीच काफी लोकप्रिय पत्रिका है। तीसरे नंबर पर अमर चित्रकथा भारतीय पौराणिक कथाओं और इतिहास पर आधारित जिसे पैरेंट्स अपने बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे है। टिकल, इसमें सुपंडी, शिकारी शंभू जैसे पसंदीदा पात्र वाली कार्टून कैरेक्टर्स की कॉमिक्स बुक्स बच्चे बड़ी खुशी से पढ़ते हैं। अकबर-बीरचल, तेनालीराम की कॉमिक्स बुक से बच्चे बुद्धिमानी से भरी कहानियां पढ़कर अपनी बौद्धिक विकास कर पा रहे हैं। बुक प्वाइंट के संचालक ने बताया कि बच्चों की लोकप्रिय अंग्रेजी कॉमिक्स डॉग मैन, स्माइल बच्चों के बीच बहुत प्रसिद्ध है। वहीं बोन नामक कॉमिक्स साहसिक कहानियों का श्रृंखला है, जो बच्चों को हास्य ओर रोमांच से भर देती है। डायरी ऑफ ए विम्पी किड बच्चों की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित कहानिया है। सुपर ड्वीब कार्टून कैरेक्टर्स हीरोज की मजेदार काल्पनिक कहानियां बच्च्चों को मोटिवेट कर रही है। बच्चों के लिए कॉमिक्स पढ़ना उनकी रुचि को बढ़ता है।



स्पोर्ट्स

कबड्डी प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों का सम्मान

बिलासपुर। बहतराई खेल स्टेडियम में आयोजित कबड्डी प्रीमियर लीग के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में युवा एवं खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना की सराहना की गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है और खेलों के प्रति युवाओं में जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जहां खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

समर वैकेशन पर हिल स्टेशन ठंडी जगहों में जाना कर रहे पसंद

ऑफर्स से फैमिली का बजट हो रहा बैलेंस, शिमला, मनाली, नैनीताल, दार्जिलिंग जा रहे घूमने

गर्मी की छुट्टियां में लोग परिवार और दोस्तों के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाने लगे हैं। बढ़ते तापमान और उमस से राहत पाने के लिए पर्यटक इन दिनों हिल स्टेशन और ठंडी जगहों का रुख कर रहे हैं। खासकर स्कूल-कॉलेज की छुट्टियों के चलते परिवारों में घूमने का उत्साह अधिक देखा जा रहा है। देश में इस समय शिमला, मनाली, नैनीताल, मसूरी, दार्जिलिंग और ऊटी जैसे पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वहीं विदेश यात्रा पसंद करने वाले लोग स्विट्जरलैंड, नेपाल और भूटान जैसी ठंडी जगहों को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। ट्रैवल एजेंसियों ने बताया कि मई-जून के दौरान होटल बुकिंग, फ्लाइट और ट्रेन टिकट की मांग में तेजी आई है। कई लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर पहले से ही एडवांस बुकिंग लगभग फुल हो चुकी है। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि समर वैकेशन उनके लिए साल का सबसे व्यस्त सीजन होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यात्रा के दौरान मौसम की जानकारी, होटल बुकिंग और जरूरी दवाइयों का ध्यान रखना चाहिए ताकि छुट्टियां आनंददायक और सुरक्षित बन सकें।ट्रैवल एजेंट कवि खुशलानी ने बताया कि इस समय इंडिया या ऑउट ऑफ इंडिया कहीं पर में जाने की बुकिंग करने पर पसपोर्ट फ्री बनाकर दिया जा रहा है। इसके अलावा होटलों के रूम बुकिंग में विशेष ऑफर दिया जा रहा है। गर्मी की छुट्टियां लगते ही समर सीजन पर बाहर घूमने जाने का प्लान हर कोई करता है, और इस सीजन में बढ़ती गर्मी को देखते लोग ठंडे हिल स्टेशनों पर जाने प्लानिंग अधिक कर रहे हैं।

ऑफर से बजट को कर रहे बैलेंस

गर्मी के इस सीजन में सभी हिल स्टेशनों पर हॉटल के रूम के प्राइज बढ़ जाते हैं, यह देखते हुए कई ट्रैवलर्स विभिन्न ऑफर चला रही है। इससे लोगों का बढते बजट का बैलेंस भी हो जा रहा है। कई रूम जो मिलता भी है उसकी कीमतें सामन्य से दोगुनी रहती है। इस समय फैमली टूर की डिमांड अधिक होती है। इसी को देखते हुए टूर एंड ट्रैवल ने कई ऑफर भी चला रहे हैं।

ऑउट इंडिया की पसंद

ट्रैवल एजेंट दैवेश कौशिक ने बताया कि पर्यटक आउड ऑफ इंडिया भी बहुत घूम रहे हैं। इस समर में इंडोनेशिया में बाली, थाईलैंड व स्वीटजरलैंड जैसे जगहों में जाना खूब पसंद कर रहे हैं। यह जगह भी ठंडी रहती है. इन जगहों में पर्यटक अधिक जाना चाह रहे हैं। इसके लिए आकर्षक पैकेज भी किए जा रहे हैं।

20 से 50 हजार का पैकेज

ट्रैवल एजेंट ने बताया कि इस समय हिल स्टेशन पर जाने वाले ज्यादा हैं। इन जगहों पर जाने के लिए पर पर्सन बीस हजार से पैकेज शुरू हो जाता है। ऑउट ऑफ इंडिया जाने के लिए 35 से 40 हजार तक पैकेज शुरू हो जाता है जो कि पचास हजार तक जाता है।

ट्रैवल गाइड : समर हो या कोई और सीजन कहीं भी जाने से पहले पर्यटकों को कुछ चातों का ख्याल ध्यान रखना चाहिए।होटल टैक्सी आदि की पूरी जानकारी ले और से सके तो वीडियो के जरिए पहले चेक कर लें। जानी पहचानी ट्रैवल एजेंसी से ही पैकेज डॉल करें। ऐसी एजेंसियों से पैकेज फाइनल कारण जिनका हात्तीसगढ़ में ऑफिस हो और भरोसेमंद हो एयर टिकट ट्रेन टिकट सब कुछ रवाना होने के पहले हासिल कर लें। होटल की बुकिन रिसिप्ट भी पहले ले जिससे वहां पहुंचने के बाद दिक्कत नाही। जरूरी नहीं कि आप दूर के इलाकों का ही भ्रमण करें छत्तीसमढ और इससे लगे राज्यों में भी अनेक क्षेत्र है जहां का भ्रमण किया जा सकता है।

दक्षिण पद्धति में महिलाओं ने की कुमकुम पूजा

बिलासपुर। श्री मरीमाईं माता पूजा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा पंडाल, कंस्ट्रक्शन कालोनी में जी श्रीनिवास राव जी ने बताया कि शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं द्वारा सामूहिक कुमकुम पूजा किया गया है। कुमकुम पूजा करवाने के लिए लगभग 300 सुहागिन महिलाऐं अपना नाम दर्ज किये थे। पंडित आदित्य शर्मा के द्वारा कुमकुम पूजा का अनुष्ठान दक्षिण पद्धति में किया गया है। कुमकुम पूजा में कलश में रखे शीतल जल को पंडाल में स्थापित पोतूराजू के चरणों में सुहागिन महिलाओं द्वारा शीतल जल अर्पित की जितना भी सुहागिन महिलाऐं कुमकुम पूजा करवाई और उपस्थित सभी भक्तजनों के लिए महाप्रसाद भोजन की व्यवस्था की गई लगभग 700 लोग महाप्रसाद भोजन ग्रहण किये। इस कुमकुम पूजा में नगर विधायक अमर अग्रवाल जी की पत्नी शशि अग्रवाल जी भी शामिल हुई। माता नौकालम्मा का भक्तों को दर्शन प्राप्त हुआ है। लगभग 800 भक्तजन इस अनुष्ठान में शामिल थे जिसमें अधिकांश महिलाऐं थी। कल दिनांक 9 मई, दिन शनिवार को काली माताजी के स्वरूप का भक्तजनों को दर्शन प्राप्त होगा। बी लक्ष्मी के नेतृत्व में बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम किया जावेगा जिसमें माताजी के गानों पर आकर्षक नृत्य किया जावेगा।

कल होगा महाकुंभ पूजा

रविकन्ना ने बताया कि रविवार को सुबह 9 बजे महाकुम्भ पूजा का विशेष अनुष्ठान होगा। सोलापुरी माता पूजा में महाकुंभम पूजा का विशेष महत्व है, उत्सव के अंतिम दिन माता को अर्पित किया जाने वाला सबसे बड़ा और अंतिम भोग है। यह पूजा मान्यता के अनुसार मेहमान के रूप में घर आई माता को पूर्ण संतुष्ट करने और सुख-समृद्धि की कामना के लिए की जाती है। यह मान्यता है कि अल्प भोग से माता पूरी तरह संतुष्ट नहीं होती हैं, इसलिए उन्हें महाकुंभम में भारी मात्रा में व्यंजनों का महाभोग लगाया जाता है जिसमें 5 क्विंटल से अधिक महाप्रसाद अर्पित करते हैं जिसमें 21 प्रकार का दक्षिण पद्धति का व्यंजन एवं 3 से 4 क्विंटल चावल बनाया जाता है। इस विशेष महाभोग बनाने के लिए खड़गपुर से कारीगर आते हैं। इस दौरान भक्त ढोल-डफली, वाद्ययंत्र, आतिशबाजी के साथ महिलाएं शोभायात्रा के साथ महाप्रसाद की थालियां लेकर पंडाल पहुंचती हैं और माता को भोग अर्पित करने के बाद यह प्रसाद हजारों भक्तों में बांटा जाता है।

बाल व युवाओं को रंगमंच के लिए तराशेगा अग्रज दल

अभिनय एवं बाल नाट्य का 45 दिवसीय कार्यशाला

बिलासपुर। रंगमंच की दुनिया में सक्रिय अग्रज नाट्य दल द्वारा इस वर्ष भी 45 दिवसीय अभिनय एवं रंगमंच कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसमें बाल कलाकारों से लेकर युवा प्रतिभाओं को तराशा जाएगा । लगभग 30 वर्षों से रंगमंच के क्षेत्र में सक्रिय संस्था हर वर्ष नई प्रतिभाओं को मंचीय प्रशिक्षण देने का कार्य कर रही है।

संस्था के वरिष्ठ रंगकर्मी सुनील चिपड़े ने शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रवार्ता में बताया कि इस बार की कार्यशाला का स्वरूप विशेष होगा। पैंतालीस दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय, थिएटर, वॉइस कल्चर, मंच संचालन, बॉडी लैंग्वेज एवं रंगमंच की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान फिल्म, थिएटर और रेडियो से जुड़े विभिन्न विशेषज्ञ प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों के साथ तीन से चार नाटकों की तैयारी की जाएगी, जिनका मंचन समापन समारोह में किया जाएगा। कार्यशाला के समापन अवसर पर आयोजित नाट्य समारोह इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्रसिद्ध अभिनेता रघुवीर यादव को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। वे अपनी टीम के साथ बिलासपुर आएंगे और चर्चित नाटक "पियानो" का मंचन करेंगे। सुनील चिपड़े ने बताया कि दर्शकों ने रघुवीर यादव की अभिनय प्रतिभा को फिल्म "मैसी साहब" और लोकप्रिय वेब सीरीज पंचायत में खूब सराहा है। नाट्य समारोह में संस्था द्वारा "योगेश स्मृति कलाकार सम्मान" से भी रघुवीर यादव को सम्मानित किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य बिलासपुर में रंगमंच की नई पीढ़ी तैयार करना तथा थिएटर की गंभीर और रचनात्मक परंपरा को आगे बढ़ाना है।

कार्नर न्यूज

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती पर डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में परिचर्चा

टैगोर ने साहित्य को समाज और जीवन से जोड़कर नई दिशा प्रदान की

बिलासपुर। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती के अवसर पर डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा का विषय "रवींद्रनाथ टैगोर साहित्य, संस्कृति और शिक्षा का वैश्विक दृष्टिकोण" रखा गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, साहित्य प्रेमियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह परिचर्चा टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र द्वारा आयोजित किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुदेव टैगोर केवल एक कवि नहीं, बल्कि मानवता के दार्शनिक थे। उनकी शिक्षा पद्धति प्रकृति, संवेदना और रचनात्मकता पर आधारित थी। आज के समय में टैगोर के विचार युवाओं को वैश्विक सोच और भारतीय संस्कारों के समन्वय की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है। उन्होंने कहा कि टैगोर का संपूर्ण साहित्य मानव जीवन के सौंदर्य, स्वतंत्रता और आत्मबोध की अभिव्यक्ति है। नई शिक्षा नीति में भी जिस समग्र शिक्षा की बात की जा रही है, उसकी झलक टैगोर के शिक्षा दर्शन में वर्षों पहले दिखाई देती है। विश्वविद्यालयों को केवल ज्ञान केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति, संवेदना और मानवीय मूल्यों के संरक्षण का माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से टैगोर के साहित्य को पढ़ने और उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता लेखक साहित्यकार गोपाल चंद्र मुखर्जी ने कहा कि टैगोर का साहित्य मानव मन की गहराइयों को स्पर्श करता है। उनकी रचनाओं में भारतीय संस्कृति की आत्मा और विश्व मानवता का संदेश समाहित है। उन्होंने कहा कि टैगोर ने साहित्य को समाज और जीवन से जोड़कर उसे नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि टैगोर की कविताएं और गीत केवल साहित्यिक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन दर्शन का स्वर हैं। उनकी रचनाओं में प्रकृति, प्रेम, करुणा और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ महेश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

महिलाओं ने टैगोर जयंती मनाई

रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती पर बंगाली समाज की महिलाओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

व्यवहारिक रूप से परीक्षित होना भी आवश्यक

जब समाज कई प्रकार की वैचारिक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब टैगोर का चिंतन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि टैगोर के साहित्य का अध्ययन भारतीय संस्कृति की व्यापकता और विश्वदृष्टि को समझने का सशक्त माध्यम है। टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र की समन्वयक डॉक्टर काजल मोइत्रा ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं हो सकती, बल्कि उसका जीवन में व्यवहारिक रूप से परीक्षित होना भी आवश्यक है। टैगोर का शिक्षा दर्शन व्यक्ति को आत्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से समृद्ध बनाता है। उन्होंने कहा कि टैगोर हमें विश्व बंधुत्व, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा देते हैं।

खबर संक्षेप

जेईई की तैयारी करने आया नाबालिग गायब

बिलासपुर। तारबहार थाना क्षेत्र के विनोबा नगर स्थित निजी हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे 17 वर्षीय बालक अचानक गायब हो गया। दो दिनों तक हास्टल नहीं पहुंचने और मोबाइब बंद होने पर परेशान पिता ने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस मामले में रिपोर्ट लिखकर विवेचना शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कोरबा निवासी नाबालिग पिछले कुछ माह से शहर में रहकर जेईई की तैयारी कर रहा है, पूरा परिवार कोरबा में रहता है और नाबालिग निजी हास्टल में रहकर कोचिंग कर रहा है। दो दिनों से वह हास्टल नहीं पहुंचा है, जिसके बाद उसके पिता को इसकी जानकारी दी गई। शुक्रवार को पिता ने शहर पहुंचकर तारबहार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

तलवार लहराते युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। पेट्रोलिंग के लिए निकली पुलिस की टीम ने चिंगराजपारा स्थित गुरूघासीदास चौक के पास तलवार लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एएसआई मनिक लाल ने बताया कि हमारी टीम पेट्रोलिंग पर निकली थी, इस दौरान मोबाइल पर जानकारी मिली कि गुरूघासीदास चौक के पास एक युवक लोगों को डराते दिनदहाड़े तलवार दिखा रहा है। पुलिस ने युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। इस दौरान पुछताछ में उसने अपना नाम दुर्गेश सूर्यवंशी पिता दुर्योधन सूर्यवंशी उम्र 23 वर्ष बताया है। पुलिस ने युवक से तलवार जब्त कर लिया है।

हंगामा: कोनी और बिरकोना में निगम ने चलाया बुलडोजर

पांच एकड़ में अवैध प्लाटिंग, कार्रवाई के दौरान जमीन दलाल निगम टीम से भिड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने कोनी और बिरकोना में दों जगहों पर पांच एकड़ में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया है। इस दौरान अवैध रूप से बनाई गई सड़कें तोड़ी गईं और फेंसिंग हटाई गई। निगम के अनुसार यहां लोग बिना अनुमति के मकान बना रहे थे। सभी अवैध निर्माण करने वालों को चेतावनी दी गई है। साथ ही उनकी निर्माण सामग्री भी जब्त कर ली गई है। बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर की भी चेतावनी दी गई है।दोनों जगहों पर कार्रवाई के दौरान जमीन दलालों द्वारा जमकर हंगामा किया गया। निगम की कार्रवाई को रोकने की कोशिश भी की गई

- अवैध बनाई गई सड़कें तोड़ी गईं और फेंसिंग हटाई गई

निगम के अनुसार कोनी और बिरकोनी में अधिकतर जमीन किसानों की है। दलालों ने किसानों से एग्रीमेंट कर अवैध प्लाटिंग शुरू कर दी थी। लोग सस्ते प्लॉट के लालच में ले-आउट, डायवर्सन और कॉलोनाइजर लाइसेंस की जांच किए बिना प्लॉट खरीद रहे थे। इन प्लॉट्स पर मकान भी बनाए जा रहे थे। निगम ने सभी अवैध निर्माण पर रोक लगा दी है। निगम अमले ने वहां निर्मित अवैध मकान, बाउंड्री ढहा दी है। जानकारी के अनुसार दोनों जगहों पर हो रही अवैध प्लाटिंग की शिकायत सीधे नगर निगम कमिश्नर से की गई थी। इसके बाद उन्होंने बिल्डिंग सेक्शन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। गौरतलब है कि नगर निगम सीमा विस्तार के बाद इसमें शामिल नए पंचायत वार्डों में अवैध प्लाटिंग की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। इधर, नगर निगम ने संकेत दिए हैं कि अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

नगर निगम अमले ने ढहाया बाउंड्रीवाल।

इन जगहों पर अधिक शिकायतें

अवैध प्लाटिंग की सबसे ज्यादा शिकायतें सकरी लोखंडी, मंगला और तखतपुर क्षेत्र से आई हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके अतिरिक्त आउटर के उस्लापुर, मोपका, खमतराई, बहतराई, बिजौर, तोरवा, कोनी, सिरगिट्टी, तिफरा में अनियोजित विकास हो रहा है। अवैध प्लाटिंग रोकने प्रशासन नाकाम है और लोग सस्ते प्लाट के चक्कर में लगातार ठगे जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि प्रशासन यदि ठान ले तो अवैध प्लाटिंग एक ही बार में बंद हो जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन रजिस्ट्री कार्यालय को स्पष्ट निर्देश दे कि वह बिना डायवर्सन, ले आउट देखे किसी भी प्लाट की रजिस्ट्री न करें। ऐसा करने से थोक के भाव में हो रही रजिस्ट्री नियंत्रित हो जाएगी।

यहां की गई कार्रवाई

कोनी में केपीएस स्कूल के पीछे रंजन सिंह द्वारा खसरा नंबर 342 के भाग में लगभग 2 एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। यहां बाउंड्रीवाल के साथ ही बिजली के खंभे और कच्ची सड़क बना ली गई थी। निगम ने सभी को तोड़ दिया है। अधिकारियों ने बताया कि यहां एक तीन मंजिला मकान भी बना लिया गया है। भवन शाखा के मुताबिक पूरा निर्माण अवैध है और इस मकान का नक्शा पास नहीं कराया गया है। मकान मालिक को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही बिरकोना में खसरा नंबर 7/2 और 7/3 में उत्तम विश्वास और ईश्वर विश्वास द्वारा लगभग तीन एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग करते हुए जमीनों की खरीदी बिक्री की जा रही थी। निगम ने सड़क और बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया है।

पानी भरने को लेकर उपजा विवाद

खूनी संघर्ष में एक युवक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के महिमा नगर में पानी भरने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। पड़ोस में रहने वाले युवक ने गुस्से में आकर 32 वर्षीय शज्जाद अली पिता बशारत अली पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल जिलाअस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसे डाक्टरों ने सिम्स रिफर कर दिया है। खास बात यह है कि मामले में सिरगिट्टी पुलिस ने मामल दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार महिमा नगर निवासी शज्जाद अली ऑटो चलाता है और पत्नी के साथ किराए के मकान में रहता है। सुबह जब वह घर लौटा तो देखा मोटरपंप चालू है वह पानी भरने लगा, तभी पड़ोसी कुनाल मानिकपुरी पंप कैसे चालू हो गया करके विवाद करने लगा। शुक्रवार की सुबह 8 बजे कुनाल ने घर में घुसकर कुल्हाड़ी से शज्जाद पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले में शज्जाद के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वही बीच बचाव कर रही उसकी पत्नी से भी मारपीट की गई है। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिनके द्वारा मौके पर पहुँचकर उसे तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत देखते हुए सिम्स रिफर कर दिया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले में सिरगिट्टी पुलिस जांच में जुट गई है।

20 लाख की चोरी करने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने आपरेशन रेल प्रहरी अभियान के तहत स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर डोंगरगढ़ में करीब 20 लाख की चोरी के मामले में फरार होने वाले आरोपियों को पकड़ा है, दोनों आरोपियों को लोकल पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

रेलवे के अनुसार मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल रेल परिसरों एवं ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में आरपीएफ मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 22847 मुंबई एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में डोंगरगढ़ थाना में धारा 303(2) बीएनएस के तहत चोरी के मामले के दो फरार आरोपी सफर कर रहे हैं। सूचना प्राप्त होते ही नियंत्रण कक्ष द्वारा तत्काल उच्च अधिकारियों, ट्रेन में तैनात रेल सुरक्षा बल अनुरक्षण दल एवं रेल सुरक्षा बल पोस्ट को सूचित किया गया। गाड़ी के स्टेशन पहुंचने पर रेल सुरक्षा बल पोस्ट प्रभारी के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक रोशन कुमरे, प्रधान आरक्षक प्रवीण दुबे, आरक्षक राजुकुमार तथा स्थानीय पुलिस थाना के अधिकारियों एवं स्टाफ के संयुक्त प्रयास से एसी कोच संख्या बी 5 के बर्थ 17 से दोनों आरोपियों सरीफ खान एवं अमित केशरी को हिरासत में लिया गया। पकड़े गए आरोपियों को रेल सुरक्षा बल पोस्ट गोंदिया ले जाकर स्थानीय पुलिस थाना बोरतलाब के प्रभारी अवनीश कुमार श्रीवास्तव को सूचित किया गया। पूछताछ में यह पुष्टि हुई कि दोनों आरोपी लगभग 19.44 लाख रुपये मूल्य की चोरी के मामले में शामिल थे।

ज्ञानेश्वरी में पथराव करने वाले पकड़े गए

बिलासपुर। आरपीएफ की टीम ने ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस में पथराव करने वाले नाबालिगों को पकड़ा है, जिनके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करने के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12101 ज्ञानेश्वरी के सामान्य कोच में रसमड़ा–दुर्ग रेलखंड के बीच पथराव करने की घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य, के मार्गदर्शन में तथा निरीक्षक प्रभारी, आरपीएफ पोस्ट के नेतृत्व में टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर सघन जांच प्रारंभ की गई। आसपास के क्षेत्र में गहन पतासाजी के दौरान टीम बघेरा गेट के समीप पहुंची, जहां दो अपचारी बालक संदिग्ध अवस्था में पाए गए। पूछताछ में एक बालक ने स्वीकार किया कि वह अपने मित्र के साथ तालाब में नहाने के पश्चात आपसी शर्त के चलते अपनी निशानेबाजी साबित करने के लिए गुजर रही ट्रेन पर पत्थर फेंका, जो कोच के कांच से जा टकराया। घटना को बालकों की ओर से अपने अभिभावक के समक्ष भी स्वीकार किया गया।

खबर संक्षेप

केंद्रीय राज्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने किया देविका को सम्मानित

मुंगेली। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मुंगेली की छात्रा देविका साहू पिता हेमंत साहू निवासी ने 10वीं में बोर्ड परीक्षा में अपना परचम लहराया है। देविका साहू ने 93.66 फीसदी अंकों के साथ स्कूल की टॉपर बनीं। इस उपलब्धि के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री ने देविका को सम्मानित किया।

पार्षद दल ने की उपमुख्यमंत्री साव से मुलाकात

लोरमी। नगर पालिका लोरमी के उपाध्यक्ष डॉक्टर अशोक जायसवाल एवं पार्षदों के दल ने उपमुख्यमंत्री एवं लोरमी विधायक अरुण साव से सौजन्य भेंट की एवं तीन राज्यों के भारतीय जनता पार्टी की विजय पर बधाई दी। इस दौरान लोरमी में कार्यशील एवं भविष्य में होने वाले विकास कार्य, आम जनमानस के मूलभूत सुविधाएंएवं आगामी बारिश के मौसम की तैयारी के विषय में चर्चा की गई। इस अवसर पर पार्षद सोहन डड़सेना, आलोक शिवहरे, शिव शंकर यादव, पुष्पा छेदू यादव, धरणी पुरुषोत्तम राजपूत, पूर्णिमा घनश्याम यादव, संगीता उमेश ध्रुव, आरती अश्वनी ढीमर आदि उपस्थित थे।

तपती गर्मी में संघ का प्राथमिक शिक्षा वर्ग संपन्न

लोरमी। ग्राम कोतरी में जिला स्तरीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग का समापन हुआ। इस वर्ग में अनेक गांवों के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सबेरे 4 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक समयबद्ध अनुशासित कार्यक्रमों की दिनचर्या के बीच स्वयंसेवकों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। पहले दिन उद्घाटन सत्र में राजकुमार कश्यप ने प्रशिक्षण के महत्व और आवश्यकता सहित समाज के लिए सजग भूमिका के लिए तैयार होने का आह्वान किया। वर्ग में प्रदेश घुमंतू कार्य प्रमुख मनजीत पवार, किसान कार्य प्रमुख उत्तर यादव का पाथेय प्राप्त हुए। वर्ग समापन के पूर्व संध्या पर स्वयंसेवकों ने संचलन का सुंदर अभ्यास किया। वर्ग संचालन में वर्ग कार्यवाह हजारी साहू, मुख्य शिक्षक खेदू सिंह, सह शिक्षक जितेंद्र सिंह, बौद्धिक विभाग ताम्रध्वज कश्यप, चंद्रेश खत्री, सेवा कार्य सोनू कश्यप, सर्व व्यवस्था प्रमुख नरेंद्र ध्रुव, उत्तम, रितेश, अनीस, सिद्धार्थ, वीरेंद्र आदि ने संभाला। पूरे सत्र में विभाग, जिला, खंड, मंडल स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

मेडिकल टीम ने मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

लोरमी। विश्व रेड क्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मानवता, करुणा, सेवा के प्रति लोगों को जागरूक और रेड क्रॉस के कार्यकर्ता के योगदान का सम्मान करना है। इसकी शुरुआत 1948 में हुई थी। 8 मई को रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डोनेट का जन्मदिन है, जिनकी याद में यह दिन विश्व रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में मेडिकल टीम लोरमी ने भी जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस मौके पर टीम के प्रमुख अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, उपाध्यक्ष जीवन साहू, सचिव मुकेश कश्यप, कोषाध्यक्ष अवधेश राजपूत, राजेंद्र साहू, हरीश देवांगन, प्रवीण मिश्रा और ग्रामवासी मौजूद थे।

भगवान भक्तों की समस्याओं से परिचित हैं: पं. रवि

तखतपुर। भथरी के पटेल निवास पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास पं रवि पाठक ने कथा विस्तार करते हुए सुदामा चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान इस कथा के माध्यम से यह संदेश देते हैं कि वे अपने भक्तों की समस्याओं से वाकिफ हैं। भक्त को परेशानी बताने की जरूरत नहीं पड़ती है और वे भक्तों की परेशानी अवश्य दूर करते हैं। इस दौरान कन्हैया पटेल, ममता, मोहन, सोहन, संतोष, विशेषर, रवि, राज साहू, जनकराम, पिल्लूराम, दिलहरण, भगवती, राकेश, मुन्ना, राजेश, गीतेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

गरीब परिवारों को बेटियों के विवाह की चिंता से मिली मुक्ति: तोखन

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना 60 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में परिवारजनों एवं अतिथियों की मौजूदगी में आज 60 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात धार्मिक परंपराओं के अनुसार विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के माध्यम से निर्धन एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह गरिमामय एवं सम्मानपूर्वक संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि, हमारी सरकार द्वारा गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना से समाज में समानता एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना से जहां गरीब परिवारों को अपने बेटियों के विवाह की चिंता से मुक्ति मिली है, वहीं इस योजना के क्रियान्वयन से विवाह में होने वाले फिजूल खर्ची पर भी लगाम लगा है। उन्होंने नवदम्पत्तियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, लखपति दीदी सहित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी सहायता साबित हो रही है। उन्होंने नवदम्पत्तियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। यह योजना आर्थिक संबल के साथ दो परिवारों को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इस योजना के तहत पात्र जोड़ों का विवाह कराने पर गरीब परिवारों को आर्थिक रूप से बोझ नहीं पड़ता। उन्होंने नवविवाहित दंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए महतारी वंदन योजना, स्वरोजगार हेतु ऋण सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। डीपीओ श्रीमती संजुला शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में नवदम्पत्तियों को चेक व उपहार सामग्री प्रदान कर उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में अव्यस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई।

बाल विवाह मुक्त जिला बनाने विधायक ने दिलाई शपथ

पेंड्रा। जिले में शुक्रवार को सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक परंपरा और सामूहिक सहयोग का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत पेंड्रा में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 72 जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधे। कार्यक्रम के दौरान एक साथ निकली 72 दूल्हों की बारात आकर्षण का केंद्र रही। विवाह स्थल पर विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बारात का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। समारोह में बैगा आदिवासी समाज के दो जोड़े भी शामिल हुए, जिनका विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।

जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर विधायक ने कहा कि, सामूहिक विवाह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसके पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला गठन के उपलक्ष्य में आयोजित अरपा महोत्सव के अवसर पर 10 फरवरी को आयोजित सामूहिक विवाह में 306 जोड़ों को अपना आशिर्वाद प्रदान किया थे। उन्होंने कहा कि, प्रदेश में संवेदनशील सरकार है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ समग्र विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने योजना के तहत दी जाने वाली 35 हजार रुपए की सहायता राशि प्रत्येक जोड़ों के खाते में अंतरित की तथा 10 जोड़ों को प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किए। साथ ही विधायक ने बाल विवाह मुक्त जिला एवं प्रदेश बनाने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह, नगर पालिका परिसद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष बूंद कुवर मास्को, भंवर सिंह गोवास, राजेश नंदनी मार्को, पवन पैकरा, जनपद अध्यक्ष गौरेला शिवनाथ बघेल, कलेक्टर डॉ संतोष प्रसाद देवांगन, पुलिस अधीक्षक मनोज खिलारी, सीईओ जिला पंचायत मुकेश रावटे, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अमित सिन्हा सहित अनेक जन प्रतिनिधि, नागरिक, वर-वधु एवं उनके परिजन तथा रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भाजपा पार्षदों ने घड़ा भेंट कर किया नपा का विरोध

तखतपुर। नगर में भीषण गर्मी के बावजूद प्याऊ घर न खोले जाने पर भाजपा पार्षदों ने घड़ा भेंट कर नगर प्रशासन का विरोध किया। प्याऊ घर खोलने को लेकर नगर पालिका परिषद की बैठक में बात रखी गई थी, लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर प्रशासन के ने हमेशा की तरह अनदेखा किया।

चाहे वह ठंड के दिनों में अलाव जलाने की बात हो, या गर्मी के दिनों में प्याऊ घर खोलने की बात, बैठक खत्म होने के बाद नगर प्रशासन कुंभकरण की निद्रा में सो जाता है। इसको लेकर पर शुक्रवार को भाजपा पार्षद दल ने अनोखा विरोध किया। भाजपा पार्षद दल ने नगर पालिका प्रशासन को प्याऊ घर खोलने के लिए घड़ा भेंट कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी का विरोध किया। इस अवसर पर पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने कहा, भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका के द्वारा प्रत्येक वर्ष प्याऊ घर खोली जाती हैस लेकिन नगर पालिका सिर्फ निद्रा में सो रही है। उन्होंने कहा इसे जगाने के लिए सारे भाजपा पार्षद दल आए हुए हैं। यदि नगर के महाराणा प्रताप चौक, तहसील चौक, बेलसरी नाका, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, पुराना थाना आदि सार्वजनिक जगहों पर यदि प्याऊ घर की व्यवस्था नहीं की जाती है, तो भाजपा पार्षद दल के द्वारा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद कोमल सिंह ठाकुर, कैलाश देवांगन, इस्लाम अंसारी, अंकित अग्रवाल, सुनील आहूजा, सुरेश देवांगन ने घड़ा भेंट किया।

मरवाही में अहिरवार समाज का महासम्मेलन

मरवाही। अहिरवार समाज विकास परिषद, बदरा के तत्वावधान में 9 एवं 10 मई रविवार सद्भावना भवन मरवाही जीपीएम में दो दिवसीय महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। समाज के युवा कार्यकर्ता विनोद कुमार ओगरे ने बताया कि, यह सम्मेलन अभूतपूर्व होगा। यह महासम्मेलन हर पांच वर्ष बाद आयोजित किया जाता है। इसमे एमपी और छग के 110 गांव के हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित होते हैं। इस बार हमने युवाओं और महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया है, ताकि समाज का सशक्तिकरण और विकास की नई दिशा तय हो सके। आयोजन के मुख्य अतिथि बारेलाल बान्धव, प्रीतम दास, राम लाल लहरे, मुरारी लाल रैदास, राधा रैदास आदि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेतराम जांगड़े करेंगे। इस दौरान समाज की पिछले 5 वर्षों की उपलब्धियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

जिला अस्पताल में स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय मुंगेली में स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जिलेभर से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए सर्वाइकल कैंसर के 26 मरीजों तथा ब्रेस्ट कैंसर के 31 मरीजों की जांच की गई। साथ ही 18 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 8 उच्च जोखिम वाली महिलाओं की विशेष जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त आम नागरिकों के लिए बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच कर दवाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 8 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, एक यूनिट रक्त कई जिंदगियां बचा सकता है। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस दिवस का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक व्यावहारिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना भी है। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ कमलेश कुमार, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एमके राय, पैथोलॉजिस्ट डॉ किरण सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा स्मृति लाल, चिकित्सा अधिकारी डॉ कविता मरकाम सहित अन्य चिकित्सकीय अधिकारी मौजूद रहे।

अचानकमार-लमनी कोटा सड़क मार्ग के लिए कार्यादेश जारी

लोरमी। क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने वनाचंल के एटीआर महत्वपूर्ण प्रमुख मार्ग के मजबूतीकरण एवं नवीनीकरण के लिए लोकनिर्माण विभाग से 32 करोड़ 34 लाख 9 हजार की लागत से निर्माण होने वाले सड़क की राशि स्वीकृति के साथ कार्यादेश जारी करवाया। इस मौके पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, बहु प्रतीक्षित वनाचंल के रहवासियों के लिए यह मार्ग अतिमहत्वपूर्ण है। इससे ग्रामीणों को सुगम एवं सहजतापूर्ण सफर आसान होगा एवं एटीआर के पर्यटकों को आवागमन सुगम होगा। भाजपा सरकार सभी क्षेत्र की सड़कों के लिए राशि मुहैया करा रही है। क्षेत्रवासियों की मांग पर सालों बाद यह निर्माण होगा। इससे व्यपार एवं किसानों सहित वनक्षेत्र के लोगो को सीधा फायदा होगा। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के प्रमुख्य अभियंता ने ग्राम कोटा-अचानकमार केंवची मार्ग के 34, 36, 39, 40 से 56, 57 से 98 57.60 किमी में मजबूतीकरण एवं नवीनीकरण कार्य की निविदा के बाद कार्यादेश जारी किया गया। यह सड़क लोरमी विधानसभा के 19 ग्राम के आलवा मध्यप्रदेश के अमरकंटक को सीधा जोड़ती है। इससे टाइगर रिजर्व के पर्यटकों को सुगम सफर बनेगी। उक्त सड़क मार्ग के कार्य आदेश जारी होने पर ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

कोटपा एक्ट: 19 दुकानों पर चालानी कार्रवाई

मुंगेली। जिले के नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में 11 मई तक 'सही दवा–शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम के तहत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत जिले के विभिन्न खाद्य एवं औषधि दुकानों की लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रें में कोटपा एक्ट 2003 के तहत विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कोटपा एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत कुल 32 दुकानों की जांच की गई। इनमें 13 दुकानों को चेतावनी देकर छोड़ा गया, जबकि 19 दुकानों पर कुल 3 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री तथा स्कूलों के आसपास तंबाकू विक्रय पर प्रतिबंध संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए दुकानदारों को जागरूक किया। अभियान के तहत खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने सरगांव एवं पथरिया क्षेत्र के 10 ढाबों और खाद्य दुकानों में भी औचक निरीक्षण किया। नऔषधि निरीक्षक किरण सिंह, श्रीमती सुमनलता कंवर, नमूना सहायक रितु गेंदले, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारियों तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सार्वजनिक स्थलों एवं दुकानों में निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ढाबा संचालकों को निर्देश दिए कि खाद्य सामग्री बनाने में अखाद्य रंगों का उपयोग न करें, शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन के लिए अलग-अलग बर्तनों का उपयोग करें तथा खाद्य पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं। जिन प्रतिष्ठानों में खाद्य पंजीयन नहीं पाया गया, उन्हें तत्काल पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए।

सर्व सेन समाज की बैठक अश्वनी बने जिला अध्यक्ष

तखतपुर। छग प्रान्त सर्व सेन नाई समाज की महत्वपूर्ण बैठक बिलासपुर के मंगला चौक स्थित श्रीवास धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोकचंद श्रीवास ने की। इस दौरान संगठनात्मक मजबूती को लेकर अहम निर्णय लिए गए। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश एवं संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास की अनुशंसा पर अश्वनी श्रीवास को सर्वसम्मति से बिलासपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति से समाज के लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अश्वनी श्रीवास ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। बैठक में संगठन की एकजुटता और समाज के विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में छग प्रान्त सर्व सेन नाई समाज के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक चद्र श्रीवास, प्रदेश संरक्षक गोरेलाल श्रीवास, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास, प्रदेश महासचिव राजू श्रीवास, संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास, सैलून संघ के संभागीय अध्यक्ष बबलू श्रीवास, सह सचिव सुमित श्रीवास, संतोष श्रीवास, लक्ष्मी श्रीवास, नविन श्रीवास, आभास श्रीवास, आशीष श्रीवास, राम श्रीवास, शुभम श्रीवास, निखिल श्रीवास, तुषार ठाकुर प्रमोद श्रीवास सहित अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

देवरीकला जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 817 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

- विधायक ने दिए समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश

सुशासन तिहार के अंतर्गत पेंड्रा जनपद के कलस्टर ग्राम पंचायत देवरीकला में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में आसपास के 14 ग्राम पंचायतों दमदम, गोढ़ा, तिलोरा, देवरीकला, कोटमीकला, सकोला, कंचनडीह, भाड़ी, विशेषरा, पिपलामार, कुदरी, देवरीखुर्द, पीथमपुर एवं अमारु के ग्रामीणों ने विभिन्न मांगो, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित 817 आवेदन प्रस्तुत किए। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

विधायक प्रणव कुमार मरपची शिविर में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के दौरान जिला अधिकारियों को करने के दौरान लो वोल्टेज और पेयजल की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने निर्देश दिए। इस दौरान विधायक मरपच्ची ने कहा कि, सरकार द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से जन-जन तक पहुचने का कार्य किया जा रहा है। शिविर लोगों की सभी तरह की समस्याओं को रखने का मंच है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चुनौतियों का सामना करने स्वयं शिविरों में पहुच रहे हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं से देश की लोगों का भरोसा बढ़ा है। छत्तीसगढ़ इकलौता राज्य है, जहां 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, 90 लाख महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रुपए अंतरित करने जैसी अनेक योजनाएं संचालित हैं।

कलेक्टर ने दी जनगणना कार्यों की जानकारी

कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि, सरकार की मंशा के अनुरुप सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में सभी पंचायतों को समाहित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में 10 और नगरीय निकायों में 3 जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, शिविरों में सभी जिला अधिकारी विभागीय स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। साथ ही कलेक्टर ने जनगणना कार्य के लेकर कहा कि, भारत सरकार का अति महत्वपूर्ण जनगणना का कार्य चल रहा है। इस दौरान प्रगणक और सुपरवाइजर द्वारा पूछे जाने वाले सामान्य जानकारी देने में उनका सहयोग करें और जनगणना कार्य में सहभागी बनें, आपके द्वारा दी गई जानकारी गोपनीय रहेगा।

लूट व मारपीट करने वाले 2 गिरफ्तार, एक फरार

बोदरी। थाना चकरभाठा क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक ड्राइवर से लूट व मारपीट करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया, वहीं एक फरार बताया जा रहा है।

थाना चकरभाठा क्षेत्र अंतर्गत 29 अप्रैल को ट्रक ड्राइवर सोनू बाजरा ट्रांसपोर्ट नगर में अपनी ट्रक खड़ी कर वहां से थोड़ी दूरी पर साहू ढाबा में खाने गया था। वापस आते समय बिना नंबर की बुलेट में सवार 3 लोगों ने ट्रक ड्राइवर से मोबाइल एवं नकद 5 हजार रुपए लूट कर भाग गए। मामले की शिकायत थाने में की गई। कुछ दिन बाद 4 मई को थाने में एक और शिकायत दर्ज कराई गई कि, बुलेट में सवार तीन अज्ञात आरोपियों ने गुलशन साहू के साथ लोहे के रॉड एवं बुलेट की चाबी से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने 2 अलग एफआईआर दर्ज कर बुलेट सवार आरोपियों की पतासाजी शुरू की। पतासाजी के दौरान घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमर की मदद से आरोपियों की पहचान कर संभावित स्थान पर दबिश देकर आरोपी राहुल साहू पिता रामाश्रय साहू उम्र 25 वर्ष निवासी नयापारा वार्ड नंबर 11 सिरगिट्टी व एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें दोनों ने अपने 1 अन्य साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। 1 आरोपी के गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एवं विधि से संघर्षरत बालक की पृष्ठभूमि तैयार कर कार्रवाई की गई। वहीं 1 अन्य फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।